डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 दिसंबर 2024
मंगलवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

## विपक्ष ने किया हंगामा, कांग्रेस ने जेपीसी को भेजने की रखी मांग

# वन नेशन वन इलेक्शन बिल संसद में पेश दोफाड़ सियासी दल




**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में आज आखिरकार वन नेशन वन इलेक्शन बिल पेश हो गया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। इस पर काफी हंगामा भी हुआ। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने इसे जेपीसी को भेजने की मांग की। मनीष तिवारी ने भी विरोध किया। सत्तारूढ एनडीए का हिस्सा नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने इस विधेयक को समर्थन दिया है वहीं, वायएसआर कांग्रेस ने भी सपोर्ट दे दिया है। मायावती भी समर्थन देने की बात कह रही हैं लेकिन कांग्रेस, शिवसेना और सपा इस बिल को लेकर खुले तौर पर विरोध में हैं। जबकि टीएमसी, आरजेडी, पीडीपी समेत कई दल भी इस विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हो रहे हैं। कांग्रेस ने इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि ये बिल संविधान बदलने का बिगुल है। कांग्रेस ने संसदीय दल कार्यालय में वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा के लिए सुबह जरूरी बैठक भी बुलाई तथा सभी कांग्रेस लोकसभा सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया गया है, जिसमें आज की महत्वपूर्ण कार्यवाही के लिए सदन में उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

## 20 साल बाद मप्र राजस्थान को पेयजल व सिंचाई की बड़ी सौगात

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश और राजस्थान को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने वाली पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिए त्रि-स्तरीय अनुबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आज जयपुर में हुआ है। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी जयपुर पहुंचे हैं। यादव ने कहा कि मोदी की पहल पर भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश और राजस्थान को इस अद्भुत परियोजना के लिए 72 हजार करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी गई है। इससे मध्यप्रदेश के 13 जिलों में न केवल पीने के पानी की बल्कि सभी प्रकार की सिंचाई की व्यवस्था भी होगी। 3217 गांवो को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यादव ने कहा कि 20 वर्ष से किसी न किसी कारण से यह समझौता टलता रहा। अब यह बदलाव का दौर है। उल्लेखनीय है कि परियोजना से श्योपुर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर सहित आगर, इंदौर, धार, उज्जैन, शाजापुर, राजगढ़, सीहोर इत्यादि संपूर्ण पश्चिमी मध्यप्रदेश में पीने के पानी और सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।



### मप्र विसः कटोरा लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायक

इधर आज मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार है। कांग्रेस विधायक आज नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ कटोरा लेकर पहुंचे और परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। सिंघार ने कहा कि मप्र सरकार ने बेतहाशा कर्ज लेकर हर व्यक्ति को कर्जदार बना रखा है। उन्होने कहा कि सरकार ने हर व्यक्ति पर कर्ज का बोझ लाद दिया है। सदन में आज वर्ष 24-25 का अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा यह अनुपूरक बजट पेश करेंगे, जिसमें प्रदेश सरकार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि का आवंटन हो सकता है।




## तीसरे दिन भी लुढ़कने लगा शेयर बाजार

# सेंसेक्स ने लगाया गोता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



### निवेशक हैरान, रूपया सबसे नीचे

मुबंई। इन दिनों शेयर बाजार में हर दिन गिरावट हो देखने को मिल रही है। आज भी सेंसेक्स और निफ्टी दबाव में कारोबार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन स्मॉल कैप और मिडकैप इंडेक्स के ज्यादातर शेयर तेजी पर हैं। यह गिरावट हैवीवेट शेयरों में दबाव के कारण ज्यादा है, जो निवेशकों के लिए सबसे बड़ा डर बना हुआ है। सेंसेक्स आज करीब साढ़े तीन सौ अंक गिरकर कारोबार कर रहा है तो निफ्टी भी करीब सौ अंक तक टूट चुका था। इसके चलते सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से 22 स्टॉक में कमी आई है। सबसे ज्यादा गिरावट रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 1 फीसदी की हुई है। निफ्टी 50 के 34 शेयर गिरावट पर है, जिसमें श्रीराम फाइनेंस, रिलायंस और भारती एयरटेल जैसे हैवीवेट शेयर शामिल हैं। दरअसल इस सप्ताह के अंत तक फेडरल रिवर्ज बैंक की ओर से ब्याज दरों और महंगाई को लेकर फैसला लिया जाएगा। जिस कारण शेयर बाजार इसका इंतजार कर रहा है और अभी बड़ा निवेश नहीं आ रहा है। दूसरी ओर विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं इसके अलावा, इंडिया वीआईएक्स में भी तेजी देखी जा रही है। इन सभी कारणों की वजह से शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इस बीच रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.92 पर चल रहा है।

## मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**संभल, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के संभल में मंदिर के पीछे स्थित मकान के अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मजदूरों की टीम मकान के अंदर दाखिल है। इन मकानों के अवैध हिस्सा तोड़े जा रहे हैं। मकानों के बढ़े हुए छज्जे तोड़े जा रहे हैं। वहीं मकान मालिक मतीन ने कहा कि मंदिर के बगल में अवैध निर्माण किया था तो अब तोड़ लिया हूं। मेरा पास इसका नक्शा नहीं था इसलिए तोड़ रहा हूं. एएसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मकान के अवैध निर्माण की पहचान की है. अफसरों ने मकान मालिकों से संपत्ति का ब्योरा मांगा है। इससे पहले एएसपी ने बताया था कि मकान मालिक ने खुद ही अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है। मतीन ने कहा है कि हमने बच्चों से भी ज्यादा मंदिर का ध्यान रखा है।

## आईएएस अफसर हंस की 23 करोड़ की संपत्ति अटैच

**पटना, एजेंसी**

बिहार के बहुचर्चित आईएएस अधिकारी संजीव हंस की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। हंस के खिलाफ ईडी ने जब से एक्शन शुरू किया है, उनके कारनामे सामने आ रहे हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय ने हंस की संपत्ति को अटैच किया है। ईडी ने कुल 7 संपत्तियों को जब्त किया है। संजीव हंस फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। ईडी ने हंस की जो संपत्ति जब्त की वह दिल्ली, नागपुर और जयपुर में है। संपत्ति की कीमत करीब 23 करोड़ 72 लाख रुपए है। हंस के नागपुर में जमीन के तीन प्लॉट, दिल्ली में एक फ्लैट और जयपुर में तीन फ्लैट्स को ईडी ने जब्त किया है। बताते हैं कि हंस बड़ी चालाकी से इन संपत्तियों के मालिक बने हुए थे।

## जबरदस्त भूकंप, सरकारी सिस्टम चरमराया

### भूकंप के बाद आफ्टरशॉक से भारी तबाही

**पोर्ट विला, एजेंसी**

दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुआतु के तट पर आज 7.3 तीव्रता का जबर्दस्त भूकंप आया है। खबरों के अनुसार, भूकंप का केंद्र वानुआतु के सबसे बड़े शहर पोर्ट विला से 30 किलोमीटर पश्चिम में 57 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके बाद इसी स्थान के पास 5.5 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया। भूकंप से कितना नुकसान हुआ, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका है। भूकंप बहुत तेज होने की वजह से वानुआतु सरकार की वेबसाइट भूकंप के बाद बंद हो गई। पुलिस और सार्वजनिक एजेंसियों के फोन नंबरों भी काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में फिलहाल भूकंप से हुए नुकसान की जानकारी अभी नहीं मिल रही हैं। आशंका है कि यह भूकंप वानुआतु के लिए एक बड़ी प्राकृतिक आपदा साबित हो सकता है। डिजास्टर डेली की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक गैराज में कारों को हिलते हुए देखा जा सकता है। कुछ अन्य तस्वीरों में कई राजनयिक मिशन और दूसरी इमारतों को नुकसान दिख रहा है। कई इमारतों की खिड़कियों के टूटना और कुछ हिस्से टूटकर गिरना देखा जा सकता है।

## डीडीसीए चुनावः जेटली ने कीर्ति आजाद को हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन यानि डीडीसीए चुनाव में लगातार दूसरी बार रोहन जेटली ने बाजी मार ली है। वह फिर अध्यक्ष चुन लिए गए। उन्हें 1577 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कीर्ति आजाद को सिर्फ 777 वोट ही मिले। डीडीसीए में अध्यक्ष पद के अलावा अन्य सभी पदों पर रोहन जेटली ग्रुप के सदस्यों ने ही जीत का परचम लहराया। उपाध्यक्ष पद के लिए शिखा कुमार ने राकेश कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को पटखनी दी। डीडीसीए का चुनाव 13, 14 और 15 दिसंबर को हुआ था। इसके नतीजे अब आये हैं। यह चुनाव तीन पैनलों के बीच हुआ, जिसमें एक पैनल रोहन जेटली का था जो मौजूदा अध्यक्ष हैं जबकि दूसरा पैनल कीर्ति आजाद का था।

## प्रियंका बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन वाला बैग लेकर संसद पहुंची, पाक में तारीफ




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद आज संसद में बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के समर्थन वाला बैग लेकर पहुंचीं हैं। कल वे फिलिस्तीन के समर्थन वाला बैग लेकर संसद गई थीं। आज उनके बैग पर लिखा है- %बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हो। वहीं प्रियंका फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंची तो उनके इस कदम की अब पाकिस्तान में तारीफ हो रही है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने प्रियंका गांधी की इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया और लिखा कि %जवाहरलाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? बौनों के बीच प्रियंका गांधी तनकर खड़ी हैं। यह शर्म की बात है कि आज तक किसी पाकिस्तानी संसद सदस्य ने ऐसा साहस नहीं दिखाया है।

## श्रीलंका के साथ समुद्र में उतरी भारतीय नौसेना, कड़ा अभ्यास

**विशाखापत्तनम.एजेंसी**

भारतीय नौसेना का श्रीलंका के साथ पूर्वी कमान में द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास शुरू हो गया है। अभ्यास के इस संस्करण का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संबंधों को और मज़बूत करना है। साथ ही सुरक्षित, संरक्षित और नियम-आधारित समुद्री वातावरण को बढ़ावा देना है। यह 17 से 20 दिसंबर तक होगा।यह अभ्यास दो चरणों में किया जाएगा। आज व कल बंदरगाह चरण होगा जबकि 19 से 20 दिसंबर तक समुद्री चरण का अभ्यास तय है। गौरतलब है कि वर्ष 2005 में शुरू किया गया स्लाइनेक्स द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों की ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग बढ़ा है। इसमें भारत की तरफ से भारतीय नौसेना जहाज आईएनएस सुमित्रा, पूर्वी बेड़े का एक नेवल ऑफशोर पेट्रोलिंग वेसल और स्पेशल फोर्सेस टीम भाग ले रही हैं। श्रीलंका की तरफ से एसएलएनएस सयूरा, एक ऑफशोर पेट्रोलिंग वेसल और स्पेशल



फोर्स भाग लेगी। अभ्यास का अभी पोर्ट फेज है। लेकिन 19 दिसंबर को शुरू होने वाले समुद्री चरण में विशेष बलों के संचालन, बंदूक फायरिंग, संचार अभ्यास, नाविक अभ्यास, नेविगेशन विकास और हेलीकॉप्टर संचालन सहित संयुक्त अभ्यास शामिल होंगे। बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों में इस अभ्यास का दायरा बढ़ा है। इससे दोनों नौसेनाओं को अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद मिली है।

### मेट्रो एंकर

### अभ्यास का दायरा लगातार बढ़ा रहे दोनों देश

### श्रीलंका के राष्ट्रपति भी पहुंचे

इधर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके तीन दिनी भारत दौरे पर हैं। आज वे बोधगया पहुंचे हैं। जहां महाबोधि सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गया के डीएम और एसएसपी समेत कई आलाधिकारी कैंप कर रहे है। राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। ज्ञात हो कि दिसंबर महीने में बौद्ध अनुयायी यहां विशेष पूजा करते हैं। आज दिसानायके के चलते एयरपोर्ट से लेकर बोधगया सड़क मार्ग को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है।





# प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से, यूपी सरकार ने मप्रवासियों को दिया

## यूपी के दो मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा– सभी का रखेंगे ध्यान

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू होगा, जो 26 फरवरी तक चलेगा। इसमें यूपी सरकार ने मप्र के लोगों को आने का न्यौता दिया है। यूपी के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि 45 करोड़ लोगों के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए व्यवस्था की है। पूर्व के महाकुंभ की तुलना में इस बार के महाकुंभ को आधुनिक व्यवस्थाओं और निगरानी तंत्र युक्त बनाया है। प्रदेश समेत किसी भी प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**राज्यपाल, सीएम को प्रयागराज महाकुंभ में किया आमंत्रित:** उत्तरप्रदेश सरकार ने मप्र के राज्यपाल मंगु भाई पटेल व सीएम डॉ. मोहन यादव को 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक चलने वाले प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित किया है। राज्यपाल व सीएम को उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट कर गंगा जल का कलश और प्रयागराज महाकुंभ-2025 का निमंत्रण-पत्र भेंट किया। राज्यपाल व सीएम ने धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस वृहद आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। दोनों मंत्रियों ने मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत मप्र के मंत्रियों व अलग-अलग क्षेत्रों के प्रमुखों को न्यौता दिया है।

### महाकुंभ में जाना चाहते हैं तो यह भी जान लीजिए



- विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती रहेगी। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल होगा। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल भी तैयार किए गए हैं। आर्मी अस्पताल भी होंगे।
- यह डिजिटल महाकुंभ होगा। जिसमें ऐप, 11 भाषाओं में एआई चैट बॉट, लोगों एवं वाहनों के लिए क्यूआर आधारित पास, बहुभाषीय डिजिटल खोया-पाया केंद्र, स्वच्छता एवं टेंटों की आईसीटी निगरानी, भूमि और सुविधा आवंटन के लिए सॉफ्टवेयर, बहुभाषीय डिजिटल साइनेज वीएमडी, स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली, ड्रोन आधारित निगरानी होगी।
- आपदा प्रबंधन, 530 परियोजनाओं की निगरानी का लाइव सॉफ्टवेयर, इन्वेंटरी ट्रैकिंग सिस्टम और सभी स्थलों का गूगल मैप पर एकीकरण होगा।
- 101 स्मार्ट पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें प्रतिदिन पांच लाख वाहन पार्क किए जा सकेंगे। 1867.04 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पार्किंग स्थल 2019 के 1103.29 हेक्टेयर के सापेक्ष 763.75 हेक्टेयर बड़ा है। इन पार्किंग स्थल की निगरानी इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से की जाएगी।
- इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर को अपग्रेड किया है। इससे भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। सीसीटीवी कैमरों को देखने के लिए 52 सीटर चार व्यूइंग सेंटर बनाएं हैं। उक्त तकनीक के माध्यम से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की हेड काउंटिंग हो सकेगी।
- एट्रिब्यूट आधारित खोज से श्रद्धालुओं पर ध्यान रखेंगे। पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों के आधार पर ट्रैकिंग की जाएगी। आरएफआईडी रिस्ट बैंड है, इसके तहत तीर्थयात्रियों को रिस्ट बैंड प्रदान किए जाएंगे, आरएफआईडी, रीडर, रिस्ट बैंड के माध्यम से अंदर और बाहर जाने का समय की ट्रैकिंग की जाएगी। मोबाइल ऐप द्वारा ट्रैकिंग होगी। तीर्थयात्रियों की सहमति पर मोबाइल ऐप के जीपीएस लोकेशन के माध्यम से लोकेशन ट्रैकिंग की जाएगी।

# राजधानी में राजा भोज शोध संस्थान की स्थापना की आवश्यकता

भोपाल. एजेंसी

**आलोक ने संसद में उठाया मामला, क्रडाई ने कहा जल्द हो स्थापना**

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने यहां राजा भोज शोध संस्थान की स्थापना का मुद्दा उठाया। भोपाल का इतिहास पाषाण युग (लगभग 30,000 ईसा पूर्व) से प्रमाणित है, जिसका प्रमाण क्षेत्र में पाए गए पाषाण कालीन भित्ति चित्र हैं। राजा भोज ने 1010 ईस्वी में 250 वर्ग मील के भोजताल और भीमकुंड का निर्माण किया। यह केवल जल प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन का अद्भुत उदाहरण नहीं था, बल्कि उनकी अद्वितीय नगर योजना का भी हिस्सा था। राजा भोज ने समरांगण सूत्रधार जैसे ग्रंथों के माध्यम से स्थापत्य, नगर नियोजन और जल संरक्षण के उत्कृष्ट सिद्धांतों को लागू किया। सीआरईडीएआई के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा किउनकी नगर योजना में जलाशयों, किलों और आवासीय क्षेत्रों का ऐसा संतुलन था, जो पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षा की दृष्टि से अद्वितीय था। यह योजना आज भी टिकाऊ विकास और शहरी नियोजन के लिए एक प्रेरणा है। इस संस्थान के माध्यम से न केवल उनके कार्यों पर शोध होगा, बल्कि भोपाल और भोजपाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित किया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में यह शोध टिकाऊ विकास और जल प्रबंधन के लिए नए समाधान प्रदान करेगा। मीक ने मांग की है कि सरकार इस संस्थान की स्थापना हेतु तत्काल कदम उठाए, ताकि भोपाल के पाषाण काल से लेकर राजा भोज के युग और वर्तमान तक की गौरवशाली धरोहर को संरक्षित किया जा सके और इसे वैश्विक पहचान मिले।

# अक्षय पात्र फाउंडेशन ने एक करोड़ भोजन परोसने का लक्ष्य हासिल किया

भोपाल. एजेंसी

अक्षय पात्र फाउंडेशन ने मध्यप्रदेश में 48हजार बच्चों को मिड डे मील प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। फाउंडेशन की भोपाल स्थित रसोई ने एक करोड़ से अधिक भोजन परोसने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में, 19 दिसंबर को प्रातः 9 बजे एक भव्य कार्यक्रम होगा इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव मौजूद रहेंगे। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, उदयप्रताप सिंह और अक्षय पात्र के अध्यक्ष मधु पंडित दासा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बच्चों को मिड डे मील परोसेंगे और इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन 50 हजार छात्रों के लिए भोजन तैयार होता है। अक्षय पात्र फाउंडेशन का विशाल किचन बावड़िया कला में स्थित है। यहां अत्याधुनिक मशीनों की मदद से कुछ घंटे में करीब सवा लाख रोटियां, 30हजार पूड़िया और अन्य खाद्य सामग्री तैयार की जाती है। फाउंडेशन की 38 गाड़ियों और 76 कर्मचारियों की टीम 644 स्कूलों में बच्चों को पोषक आहार वितरित करती है। किचन के संचालन में 164 कर्मचारी मिड डे मील तैयार करते हैं। अक्षय पात्र फाउंडेशन ने पूरे देश में 400 करोड़ मील परोसने का कीर्तिमान भी हासिल किया है। इसे अमेरिका संयुक्त राष्ट्र में भी मनाया गया है। भोपाल में अक्षय पात्र फाउंडेशन मंडीदीप की एचईजी लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एवं पोषित है।

## वन मेला




भोपाल, दोपहर मेट्रो। लाल परेड ग्राउंड में वन मेले की तैयारी पूरी है शाम को उध्दाटन होगा

# प्रदेश में पाठ्य-पुस्तकों का प्रकाशन समय पर हो: स्कूल शिक्षा मंत्री

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि प्रदेश में वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र में स्कूल में पड़ने वाले बच्चों को पाठ्य-पुस्तक शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही आसानी से सुलभ हो। मंत्री श्री सिंह सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पाठ्य-पुस्तकों के वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनकी क्षेत्रीय बोलियों में पढ़ाये जाने की अनुसंशा की गई है। इसके अनुरूप प्रदेश में



पाठ्य-पुस्तक निगम द्वारा बहु भाषा में जनजातीय और क्षेत्रीय बोलियों पर कहानी की किताबों का प्रकाशन किया जा रहा है। बैठक में पाठ्यक्रम तैयार करने और शिक्षकों की प्रशिक्षण व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। पाठ्य-पुस्तक निगम के अधिकारियों ने पिछले शैक्षणिक सत्र में पाठ्य-पुस्तकों के प्रकाशन और उनके वितरण व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह, पाठ्य-पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक विनय निगम और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# विधायक बोट रेस की तैयारियां शुरू हुई, स्थल निरीक्षण

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो.** कन्छेदीलाल केवट की स्मृति विधायक बोट रेस आयोजित की जाएगी। चार जनवरी 2025 को पुराना विसर्जन घाट बेहटा गांव संतनगर पर आयोजित होने वाली रेस के लिए स्थल निरीक्षण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। आयाजकों के साथ व्यवस्था संबंधी चर्चा की। आयोजक रोहन केवट ने बताया कि रेस में कुल 36 टीमें भाग लेंगी वोट रेस के साथ कसती रेस भी होंगी दोनों रेस में अलग-अलग प्रथम पुरस्कार राइडर बाइक दी जाएगी। दूसरा पुरस्कार 21 ह?ार, तीसरा पुरस्कार 11 हजार दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी उपस्थित रहे।

# कल से शुरू होंगी 'रुक जाना नहीं' योजना के तहत 10वीं 12वीं की परीक्षाएं

**भोपाल।** 'रुक जाना नहीं' योजना के तहत राज्य ओपन बोर्ड की 10वीं व 12वीं की दूसरे अवसर की परीक्षाएं 18 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। इन परीक्षाओं का आयोजन 18 दिसंबर से 6 जनवरी तक किया जाएगा। इसमें 10वीं व 12वीं के करीब 81 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके अलावा राज्य ओपन बोर्ड की परंपरागत 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं, मदरसा बोर्ड, सीबीएसई ऑन डिमांड सहित अन्य परीक्षाएं होंगी। उल्लेखनीय है कि माशिमं की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों के लिए रुक जाना नहीं योजना के तहत परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें दो बार परीक्षा होती है। मई-जून में आयोजित इस परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों के लिए दूसरा अवसर दिया जाता है। इसमें सबसे अधिक रुक जाना नहीं योजना के तहत प्रथम अवसर में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल होंगे।

# बच्चों को विजय दिवस पर बताया भारतीय फौजियों का शौर्य

**हिरदाराम नगर.** विजय दिवस पर दीपमाला पागरानी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवानी ने बताया कि सन् 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध की गौरव गाथा में 16 दिसम्बर 1971 (विजय दिवस) स्वतन्त्र भारत के इतिहास का सबसे अधिक गर्वित करने वाला दिन था, इस दिन भारतीय सैनिकों ने 13 दिन के युद्ध से दुनिया का रूप बदल दिया था। पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों का समर्पण हुआ था। यह युद्ध 3 दिसम्बर 1971 को शुरू हुआ तथा 16 दिसम्बर 1971 को नए राष्ट्र बांग्लादेश के उदय के साथ समाप्त हुआ। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि सन् 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजाद करवाने के लिए हमारे भारतीय वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर आजादी दिलवाई थी, लेकिन आज स्थिति यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हालात नहीं सुधरते है, तो भारत को विचार करना पड़ेगा। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध से हमने बहुत कुछ सीखा है इस युद्ध में भारत ने बांग्लादेश की जिस कौम को आजाद करवाया आज वही हमारी दुश्मन बन रही है। कार्यक्रम में युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के छाया चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई।

# शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए : मोटवानी

## नवनिध पब्लिक स्कूल में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसासटी की शिक्षण संस्थाओं ने विजय दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित गए। बच्चों ने युद्ध में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। नवनिध स्कूल में विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय सेना के जांबाज़ों के पराक्रम व शौर्य को याद किया गया। विद्यार्थियों ने देश की स्वतंत्रता और विजय के लिए जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि विजय दिवस शहीदों को याद करने का दिन है। शहीदों के बलिदान



को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं ने देश भक्ति एवं मातृभूमि की रक्षा पर आधारित एक लघु नाटिका प्रदर्शित की गई। विद्यालय की एनसीसी कैडेट को एनसीसी कैंप में मिले पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में शहीद हेमू कॉलोनी एजुकेशन सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, उपसचिव के एल रामनानी, विद्यालय की प्राचार्य, उपप्राचार्य, समस्त शिक्षिकाएं शामिल हुईं।

**विजय दिवस से अवगत कराया:** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल में विजय दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को 1971 के भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक जीत और बांग्लादेश की स्वतंत्रता की गाथा से अवगत कराया गया। शिक्षिका रीना विश्वकर्मा ने बताया कि 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था, इस दिन न केवल बांग्लादेश का उदय हुआ, बल्कि दक्षिण एशिया की भू-राजनीति भी बदली। प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने भारतीय सेना के साहस और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

**मेट्रो एंकर**

## आयकर अधिकारियों ने किया संतनगर के व्यापारियों से संवाद

# विवाद से विश्वास योजना 2024 रखी व्यापारियों के सामने

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

आयकर विभाग के अधिकारियों ने ÷विवाद से विश्वास योजना 2024 ' के संबंध में व्यापारियों एवं व्यापारी संगठनों से चर्चा की। व्यापारियों को बताया गया कि विवाद से विश्वास योजना÷ की जानकारी और भारत सरकार की पहल है जो आयकर से संबंधित विवादों के लिए कम समय में सरल समाधान प्रदान किए जा रहे है उनकी जानकारी दी गई। योजना के तहत मकसद लंबित आयकर मुकदमों को कम करना, सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त करना, और करदाताओं को मानसिक शांति, निश्चितता और समय तथा संसाधनों की बचत के जरिए लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में मौजूद आयकर उपायुक्त संजय रामटेके ने बताया कि जिनके विवाद / अपील 22 जुलाई, 2024 को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित हैं। साथ ही वे कर दाता जिन्होंने वीएसवीएस-2020



की योजना में आवेदन किया हो परंतु किसी कारणवश प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण उसका लाभ नहीं उठा सके थे, वे भी वीएसवीएस-2024 में पुनःआवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि करदाता योजना का लाभ उठाने के लिए 31 दिसंबर, 2024 से पहले घोषणा दाखिल करते हैं, तो उन्हें विवादित कर मांग में से केवल मूल कर का 100 प्रतिशत भुगतान करना होगा, तथा कर पर लगने वाला ब्याज, जुर्माना तथा फीस को माफ कर दिया जाएगा। यह योजना उन कर दाताओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिनकी ब्याज और फीस की रकम मूल कर से ज्यादा हो चुकी है। ÷विवाद से विश्वास योजना÷ के मामलों के लिए किसी अपराध के संबंध में किसी भी कार्यवाही की शुरुआत और कर बकाया के संबंध में जुर्माना या ब्याज लगाने से प्रतिरक्षा प्रदान की जाती है।

**यह मौजूद रहे:** कार्यक्रम में वी वैंकट रमन आयकर अधिकारी,अभिमन्यु ठाकुर, आयकर अधिकारी, संत नगर के बर्तन एसोसिऐशन के अध्यक्ष रामचंद मूलचंदानी,नारायण दास तोलानी,वरिष्ठ समाज सेवी जवाहर मूलचंदानी,सराफा एसोसिऐशन के अध्यक्ष नरेश तोलानी,कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी,अमित बिनवानी,वासदेव वाधवानी,चंद्र प्रकाश इसरानी,भगवानदास तेजवानी,नरेन्द्र लालवानी,प्रकाश दादलानी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की समस्याओं के लिए महिलाओं की टीम



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

युवा सिंधी मंच ने महिलाओं की समस्या के निदान के लिए महिलाओं की टीम गठित की है। मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने बताया कि यह टीम घरेलू हिंसा, छेड़खानी, मानसिक प्रताड़ना, छीना छपटी, आत्महत्या जैसे मामलों में काम करेगी। साथ ही मंच का संरक्षक राज मनवानी को बनाया गया है। मनवानी का शाल श्री फल से सम्मान किया गया। मनवानी ने कहा कि मुझे जो इस पद दिया गया है, उसकी गरिमा बनाए रखूंगा और मंच के कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा। गुरूदास रामचंदानी को मंच का उपाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम में अध्यक्ष जयराम नंदवानी, सीमा लालवानी, किरन रूघवानी, सीमा मूलचंदानी, जितेश नंदवानी, आशीष नंदवानी, सोनू मौजूद थे।


11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024
जनकल्याण पर्व
1 वर्ष
मोहन यादव सरकार
काम लगातार-फैसले असरदार
ऐतिहासिक दिन
मध्यप्रदेश के किसानों की समृद्धि का शुरू हुआ नया अध्याय
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के मुख्य आतिथ्य में
₹35000 करोड़ की
पार्वती-कालीसिंध-चंबल
नदी जोड़ो परियोजना का त्रि-स्तरीय अनुबंध
गरिमामयी उपस्थिति
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
• परियोजना से मालवा और चंबल के 11 जिले गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना के 2012 गांवों में 6.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा
• 40 लाख परिवार होंगे लाभान्वित
• पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के साथ औद्योगिक विकास को मिलेगी गति
मुरैना
शिवपुरी
गुना
मंदसौर
आगर
राजगढ़
उज्जैन
शाजापुर
सीहोर
इंदौर
देवास
D11124/24
17 दिसम्बर, 2024
पूर्वाह्न 11:00 बजे | जयपुर
#PKC_MP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
DD News
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024

## संपादकीय

# हर बहस के बीच ऐसा क्यों

भारतीय संविधान को लेकर काफी समय से बहस छिड़ी हुई है। यह बहस राजनीतिक ज्यादा है और यही सियासी टकराव का कारण व चुनावी मुददा भी बनी रही है। मगर अब लोकसभा में इस पर हुई दो दिनों की बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट कर रही है। इस बहस का भी एक बड़ा बिंदु आरक्षण ही रहा। जहां विपक्ष ने इन आरोपों को दोहराया कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और अक्सर दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं की अपने अनुकूल गोलबंदी करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। इसी तरह तानाशाही एक और ऐसे बहस बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है। इस मामले में जहां कांग्रेस का फोकस पिछले दस साल पर केंद्रित रहा, वहीं भाजपा ने आजादी के बाद से 55 साल तक निशाने साधे और कहा कि सत्ता एक ही परिवार के हाथों में रही। जाहिर है, सबसे ज्यादा नुकसान इसी परिवार ने किया। उनका संकेत गांधी परिवार की ओर था। इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे भाजपा पर निशाना साधा वहीं पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं वे इंदिरा गांधी के शासनकाल व उनके फैसलो को निशाने पर लेते रहे। पूरी बहस का यही बिंदु ऐसा था जो थोड़ा जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। बल्कि उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति को बिना शर्त करना चाहिए। काफी समय से यह हो रहा है कि नेहरू,सावरकर या ऐसे अन्य किरदारों के बारे में जो जिक्र किया जाता है वह काफी निशाने लिये होता है। लेकिन हर बार पुरानी और दशकों पुरानी बातों को कुरेदकर या उनसे जुडे संदर्भों को अपने तरीकों से पेश करने से बहुत ज्यादा फायदा नहीं हो सकता अलबत्ता राजनीतिक निशाने जरूर सध जाते है।

# जटिल हालात में संतुलित कूटनीतिक पहल

■ ज्योति मल्होत्रा



पिछले सप्ताह दिल्ली में विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने विदेश सचिव विक्रम मिसरी द्वारा बांग्लादेश की अपनी यात्रा का सार नपे-तुले शब्दों में बताना, यथार्थवादी मध्यमार्ग कूटनीति की ओर भारत की स्वागतयोग्य वापसी दर्शाता है, और इसी वजह से भारत की विदेश नीति की ख्याति रही है।

सबसे दिलचस्प यह है कि मिसरी ने शेख हसीना पर उठे सवाल का जवाब पूरी स्पष्टता के साथ दिया। मुखातिब भले ही वे अपने सांसदों से थे, लेकिन बिना शक,उनके इस बयान को बांग्लादेश ने भी उतनी ही सावधानी से सुना और देखा होगा। परिणाम एक बढ़िया संतुलन वाला रहा, एक ऐसे मित्र का चतुराई पूर्ण बचाव, जिसके कार्य-कलाप से न तो आप अतीत में पूर्ण रूपेण सहमत थे और न ही वर्तमान परिस्थितियों में, लेकिन आप उससे पूरी तरह किनारा भी नहीं कर सकते।

मिसरी ने बताया कि हसीना द्वारा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनूस के अलावा वहां के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार की नाकामी को लेकर हाल ही में जो अति आलोचनात्मक टिप्पणियां की गई थीं, वे उन्होंने निजी संचार उपकरण के माध्यम से की हैं- जैसे कि आईपैड या कंप्यूटर इत्यादि - किसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता से पाए नंबर द्वारा। मिसरी ने एक बार भी यह नहीं कहा कि भारत हसीना की बातों की ताईद करता है या नहीं। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध किसी 'एक राजनीतिक दल विशेष' पर निर्भर न होकर, उसके केंद्र में बांग्लादेश के नागरिक हैं।

तो, आइए हम दोनों स्थूल पंक्तियों के बीच की बारीक़ी को समझें। मिसरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत हसीना के साथ संबंधों वाले पुराने समय से आगे बढ़ने और नए बांग्लादेश के साथ सामान्य स्थिति बहाल करने को तैयार है - आखिरकार, ऐसा भी नहीं है कि भारत ने विगत में अपने इस पूर्वी पड़ोस की कम-दोस्ताना सरकारों से व्यावहारिक रिश्ता न निभाया हो। इसके बारे जानना हो तो इतिहास के प्रति रुचि रखने वाले और पुराने राजदूत रोनेन सेन से उस घड़ी के बारे में पूछिए, जब 1975 में एक रोज आधी रात के बाद या अलसुबह (जिसे आप अपनी घड़ी के हिसाब से कुछ भी कहें) हसीना के पिता मुजीब-उर-रहमान की हत्या कर दी गई थी,और अगर यह हत्या नहीं थी, तो इतनी क्रूर घटना होना क्योंकर बदा था। इसी प्रकार वयोवृद्ध किंतु तेज याद्दाश्त के धनी एक अन्य राजनयिक देब मुखर्जी से पूछिए कि हसीना और खालिदा जिया के साथ उनकी वार्ताएं कैसी रहीं और दशकों तक बांग्लादेश को चलाने वाली ये दो महिलाएं इतनी शिद्दत से एक-दूसरे से इतनी नफ़रत क्यों करती हैं और क्यों 4 अगस्त की 'क्रांति' या 'पराजय' - यह आप पर निर्भर है कि इसे कैसे लें - अपरिहार्य थी। चलिए आगे बढ़ते हैं। दिल्ली में मिसरी कह तो भारतीय सांसदों को रहे थे किंतु सुना बांग्लादेश को रहे थे। यह एक बदसूरत प्रकरण रहा, हमारे लिए भी। इस बारे में मिसरी कभी नहीं कहेंगे, न ही कोई और सेवारत भारतीय राजनयिक, लेकिन तथ्य यही है कि इस जनवरी में जब शेख हसीना ने अपना आखिरी चुनाव जीता और उससे पहले जनवरी 2019 में चुनावी विजय पाई, भारत उनके साथ खड़ा रहा। ऐसा करके भारत ने कूटनीतिक तौर पर बमुश्किल अपनी नाक बचाए रखी।

भारत ने बार-बार हसीना को आगाह किया था कि चुनाव प्रक्रिया में विपक्षी दलों की सहभागिता बनाई जाए, खालिदा जिया और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के बाकी लोगों से बात करें, बांग्लादेश एक-दलीय शासन वाला लोकतंत्र नहीं है। भारत की यह सलाह जितनी मुजीब की बेटी के लिए थी उतनी ही बांग्लादेश के लोगों को भी, जिनकी वफादारियां अवामी लीग और बीएनपी के बीच बंटी हुई हैं। इसमें बांग्लादेश के साथ लगभग 4000 किमी. लंबी सीमा साझी रखने वाले हमारे उत्तर-पूर्वी राज्यों की सुरक्षा और स्थायित्व का आयाम भी जुड़ा था। बांग्लादेश के साथ भारत के नए संबंध उतने ही दिलचस्प होने वाले हैं जितना कि अफगान तालिबान के साथ बन रहे हैं। अभी कुछ हफ्ते पहले ही, वरिष्ठ भारतीय राजनयिक जेपी सिंह तालिबान के रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब (मुल्ला उमर का बेटा) से मिलने काबुल गए थे। इस मुलाकात ने पास पड़ोस, खासकर पाकिस्तान, में खतरे की घंटी बजा दी है। कुछ अमेरिकियों को हैरानी हुई कि क्या भारत उनके कूटनीतिक हितों के विपरीत लोगों से दोस्ती करने जा रहा है- हालांकि बहुत संभव है कि भारत के अलावा अमेरिका भी अंदरखाते इस पर सहमत हो। सनद रहे कि दो साल पहले अमेरिकियों के काबुल से भाग खड़े होने के बाद से तालिबान ने अमेरिकी दूतावास की एक ईंट तक नहीं छुई, निश्चित रूप से, बड़े खेल का एक नया दौर शुरू होने का इंतजार सभी पक्ष कर रहे हैं। इतना तय है कि रूस ने प्रतिबंधित संस्थाओं की अपनी सूची से इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान को हटाकर उस पर अहसान किया है। भारत के इस परम-यथार्थवादी रुख और वास्तव में क्या चल रहा है, शायद इस पर आपको हैरानी हो। आप खुद से पूछ सकते हैं -क्या यह वास्तव में सच है कि भारत एक ऐसी सरकार के साथ दोस्ती करना चाह रहा है जिसने महिलाओं के गाने-बजाने या लड़कियों के कक्षा छह से आगे की स्कूली पढ़ाई पर प्रतिबंध लगा रखा है और अधिकांश अन्य मानवाधिकारों को भी ताक पर रखा हुआ है? तथ्य यह है कि भारत उस किताब के पन्ने पर अमल कर रहा है जिसे पढ़कर बड़ी शक्तियां कूटनीतिक खेल चलाती रही और जब भी दिल किया, अध्याय-दर-अध्याय फाड़ डाले।इसका सीधा उत्तर यह है कि अंततः भारत दोनों तरह से खेलना सीख रहा है। क्रूर तालिबान शासन का समर्थन इसलिए क्योंकि इससे भारत की उत्तरी सीमा को सुरक्षित करने में मदद मिलती है - भले ही अफगानिस्तान की साझी सीमा रेखा पाकिस्तान के साथ है न कि भारत के साथ - और इसलिए भी कि भारत को उम्मीद है कि भविष्य में पाकिस्तान पर दबाव बनाने को, उसके उत्तरी सीमांत इलाके में भारतीय एजेंटों की कार्रवाइयां चलाने में दोस्ताना तालिबान सरकार मददगार हो सकती है।

जैसे-जैसे साल का अंत हो रहा है, तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार की विदेश नीति में दिलचस्प बदलाव यह हुआ है कि अब इसका न तो कोई खास दोस्त है न ही दुश्मन (निश्चित रूप से पाकिस्तान अपवाद है)। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर झगड़ा खत्म करना और चीनियों के साथ समझौता करने का निर्णय पूरी तरह यह समझकर लिया है कि बहुत ऊंचाई पर सैन्य गतिरोध कायम रखने से कहीं अधिक अहम है द्विपक्षीय व्यापार में असंतुलन के बढ़ते अंतर पर ध्यान केंद्रित करना। कौन जाने, रूसियों ने इसमें मदद की हो। गत सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मॉस्को यात्रा इस परम-यथार्थवादी विदेश नीति का उतना ही अंग है जितना कि आगामी ट्रम्प प्रशासन के साथ समझौता करने का निर्णय, चाहे किसी भी तरह से हो। पिछली बार जब ट्रंप सत्ता में थे, तो कुछ मतभेद- अमेरिकी चिकन-लैग, चिकित्सा उपकरण और सुपर-महंगी हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर भारत द्वारा उच्च आयात शुल्क लगाने से बने जैसे छोटे-मोटे विवाद - ने रिश्तों में खटास भर दी थी। इस बार, भारत इतने सतही और तुच्छ मुद्दों को शायद संबंधों के आड़े आना देना नहीं चाहेगा।2024 का सबक यह भी है कि पास में शक्ति होना काफी नहीं है,उस ताकत का प्रयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यूनुस के बांग्लादेश से लेकर हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के राज कपूर के खानदान से मिलने तक, संदेश सीधा सा है। अगर आप लंबे समय टिके रहेंगे तभी आप गिने जाएंगे।

**(साभार : लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।)**

# बांग्लादेश की आजादी के लिए चुकाई भारत ने बहुत बड़ी कीमत

■ जयसिंह रावत

गी बांग्लादेश में आज जो हालात हैं उनके लिए जिम्मेदार बांग्लादेशी नए शासकों को उनकी आजादी में भारत के योगदान की याद दिलाने के लिए 1971 के विश्व का राजनीतिक भूगोल बदलने वाले भारत -पाक युद्ध की 53 वीं वर्षगांठ आ गई है। बांग्लादेश के नए शासक कृतघ्नता की हदें पार कर चुके हैं। वे भूल गए कि भारत को उनकी आजादी की कीमत कितनी महंगी पड़ी थी।बांग्लादेश की आजादी के लिए 1971में भारत को जो कीमत चुकानी पड़ी, वह केवल सैन्य संघर्ष और जीवन की हानि तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें राजनीतिक, आर्थिक और मानव संसाधनों का भी बड़ा योगदान था।भारत ने बांग्लादेश की मुक्ति के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य हस्तक्षेप किया और इस संघर्ष में कई महंगी कीमतें चुकाईं। 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि बांग्लादेश के लिए भी एक ऐतिहासिक निर्णायक पल था। भारत ने बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई, और दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक और राजनीतिक रिश्ते बने। हालांकि, वर्तमान में कुछ कारणों से बांग्लादेश में भारत के प्रति विरोध का रुख बढ़ा है, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत का योगदान अभूतपूर्व था और इसे हमेशा याद किया जाएगा।

आज भी दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक साझेदारी के बावजूद, समय-समय पर उत्पन्न होने वाली राजनीतिक जटिलताएं रिश्तों को प्रभावित करती हैं। फिर भी, 1971 का युद्ध बांग्लादेश की स्वतंत्रता और भारत के सहयोग की एक अमिट याद दिलाता है, जो दोनों देशों के बीच एक विशेष ऐतिहासिक कड़ी का निर्माण करता है। भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम में पाकिस्तान के खिलाफ सीधे सैन्य हस्तक्षेप किया, और इस युद्ध में भारतीय सेना को भारी मानव हानि उठानी पड़ी। एक अनुमान के अनुसार, भारत के लगभग 3,873 सैनिक शहीद हुए और कई हजार घायल हुए।भारतीय सैनिकों की बहादुरी ने बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाई, लेकिन इसके साथ ही युद्ध में गंभीर युद्ध हताहत भी हुए, जिससे भारतीय



परिवारों पर गहरा असर पड़ा।

1971 का युद्ध भारत के लिए एक एक आर्थिक संकट छोड़ गया था। युद्ध की वजह से भारतीय सरकार को अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और युद्ध के दौरान संसाधनों की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए भारी खर्च करना पड़ा। इसके साथ ही, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत किया, जिससे युद्ध का खर्च अत्यधिक बढ़ गया। युद्ध समाप्त होने के बाद भी, भारत को अपने सेना के पुनर्निर्माण और युद्ध के बाद की स्थिति को संभालने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस आर्थिक हानि की कीमत भारतवासियों को दशकों तक अतिरिक्त कर भुगतान करने से चुकानी पड़ी थी।

भारत में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम और पाकिस्तान द्वारा दमनकारी कार्रवाईयों के कारण लाखों बांग्लादेशी शरणार्थी भारत में आ गए थे। 1971 में भारत के पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में शरणार्थियों का भारी प्रवाह हुआ। इन शरणार्थियों का बोझ भारतीय संसाधनों पर पड़ा, और यह आर्थिक और सामाजिक संकट का कारण बना। भारत ने इन शरणार्थियों की मदद की, लेकिन इससे भारतीय राज्यों में भी अस्थिरता बढ़ी। भारत को बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में हस्तक्षेप करने से पहले अंतरराष्ट्रीय समुदाय का कड़ा विरोध और पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक तनाव का सामना करना पड़ा। युद्ध के बाद भी, भारत को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा, खासकर अमेरिका और चीन की प्रतिक्रिया के रूप में, जिन्होंने पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिए थे। इन परिस्थितियों में भारत को अपने कूटनीतिक और सामरिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कई राजनीतिक संघर्षों का सामना करना पड़ा।

हालांकि भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता में निर्णायक भूमिका निभाई, लेकिन बाद में भारतीय-बांग्लादेशी रिश्तों में कुछ तनाव भी उभरे। पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, भारत और बांग्लादेश के बीच कुछ मतभेद उभरे, विशेष रूप से सीमा मुद्दों और अन्य कूटनीतिक विषयों पर। हालांकि, भारत-बांग्लादेश के रिश्ते सामान्य रहे, लेकिन समय-समय पर विभिन्न राजनीतिक कारणों से तनाव पैदा होता रहा।

कुल मिला कर देखा जाय तो बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए भारत को जो कीमत चुकानी पड़ी, वह केवल युद्ध में हुई हानि तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह एक व्यापक संघर्ष था जिसमें सैनिकों की शहादत, आर्थिक दबाव, शरणार्थी संकट और कूटनीतिक चुनौतियां शामिल थीं। इसके बावजूद, भारत का योगदान बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए अमूल्य था, और इस संघर्ष ने भारतीय सैन्य और कूटनीतिक शक्ति को नई पहचान दी। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत ने पाकिस्तान की सेना 91,000 सैनिकों को युद्ध बंदी बना लिया था। यह संख्या युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में सामने आई, क्योंकि यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक विजय थी। पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ा झटका था, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों का आत्मसमर्पण न केवल उनकी सैन्य शक्ति को कमजोर करता था, बल्कि यह पाकिस्तान के लिए एक मानवीय और मानसिक आघात भी था। भारत ने इन बंदियों को युद्ध के बाद उचित मानवीय व्यवहार दिया और उन्हें उनके अधिकारों के अनुसार रखा। इसके बाद, शिमला समझौता (1972) के तहत, पाकिस्तान ने इन युद्ध बंदियों को भारत से वापस लेने का वचन दिया। शिमला समझौता, जो भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद हुआ, के तहत पाकिस्तान ने इन बंदियों को भारत को सौंपा। यह समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक कदम था।

बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए 1971 में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में संलग्न होने के कारण भारतीय सरकार ने वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ''सुरक्षात्मक कर'' (डिफेंस टैक्स) और ''बांग्लादेश मुक्तिवाहिनी सहायता कर'' जैसे विशेष कर लगाए थे। यह कर मुख्य रूप से युद्ध के खर्च को पूरा करने के लिए थे।''बांग्लादेश स्वतंत्रता युद्ध कर'' कहा गया। 1971 के युद्ध में भारतीय सैन्य बलों की काफी भारी लागत आई थी। युद्ध में भाग लेने के लिए भारतीय सेना को सैन्य उपकरण, आपूर्ति और अन्य आवश्यक वस्त्रों के लिए वित्तीय संसाधनों की जरूरत थी। इसमें युद्ध सामग्री, सैनिकों के लिए वेतन, साजो-सामान, शरणार्थियों के लिए सहायता आदि की व्यवस्था शामिल थी। इसके अतिरिक्त, आयकर में वृद्धि की गई। खासकर उच्च आय वाले व्यक्तियों से अधिक कर वसूला गया। यह कदम सरकार ने अपने सैन्य खर्चों और शरणार्थियों के पुनर्वास तथा युद्ध से संबंधित अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए उठाया था। यह कर 1971 से 1973 तक लागू था। इस अवधि के दौरान भारतीय जनता पर अतिरिक्त कर भार डाला गया, जो युद्ध की आवश्यकताओं और देश की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जरूरी था। हालांकि, टैक्स का आकार और दायरा सरकार की जरूरतों के हिसाब से बढ़ाया गया।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **कभी भी ऐसे लोगों से दोस्ती न करें जो हैसियत में आपसे ऊपर या नीचे हों। ऐसी दोस्ती आपको कभी खुशी नहीं देगी।**
> **-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1398: मंगोल सम्राट तैमूरलंग ने दिल्ली पर कब्जा किया।
- 1715: बंदा बहादुर बैरागी ने गुरुदासपुर में मुगलों के सामने हथियार डाले।
- 1777: फ्रांस ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- 1803: ईस्ट इंडिया कंपनी ने ओडिशा पर कब्जा किया।
- 1902: इटली के प्रसिद्ध आविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
- 1907: उग्येन वांग्चुक भूटान के पहले राजा बने।
- 1914: पोलैंड के लिमानोव में आस्ट्रिया की सेना ने रूसी सेना को पराजित किया।
- 1914: तुर्किये ने यहूदियों को तेल अवीव से बाहर खदेड़ा।
- 1925: तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्किये ने एक-दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1927: ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले मैच में शतक बनाया।
- 1929: भगत सिंह, राजगुरु ने अंग्रेज पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
- 1931: प्रो. प्रशांतचंद्र महाल नोबिस का सपना साकार हुआ कोलकाता में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना।

## निशाना

### है प्रदर्शन काल !



-कृष्णोन्द्र राय

■ रस्साकस्सी चल रही ।
किसको दें कमान ?
सबकी है प्रतिष्ठा ।
और सबका सम्मान ।।
अपनी-अपनी शक्ति का ।
है प्रदर्शन काल ।।
कौन कौन है एकजुट ।
है बड़ा सवाल ।।
खुल रही है कलई ।
छिड़ा घमासान ।।
सबकी इच्छा बलवती ।
छू लें आसमान ।।
है भविष्य के गर्भ में ।
होगा कब कमाल ?
है बड़ा दिलचस्प ।
गलनी किसकी दाल ।।

# तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन से बड़ी लकीर शायद ही कोई खींच पाए

■ विनोद पाठक

ये उस दौर की बात है, जब भारत में टेलीविजन पर विज्ञापनों की शुरुआत हुई थी। चायपत्ती के एक विज्ञापन में उस्ताद जाकिर हुसैन ताजमहल के आगे तबला बजाते और जब कहा जाता, 'वाह उस्ताद वाह' तो वो कहते, 'वाह उस्ताद नहीं, वाह ताज बोलिए'। उस्ताद जाकिर हुसैन ने तबला बजाकर चायपत्ती के इस ब्रांड को बेहद मशहूर बना दिया था और हर भारतीय को यह विज्ञापन जुबानी याद था।जब उस्ताद जाकिर हुसैन की तबले पर उंगलियां चलतीं तो संगीत प्रेमी झूम उठते थे। भारत समेत दुनियाभर में पिछली तीन पीढ़ियों के लिए तबला मतलब जाकिर हुसैन ही रहा है। तबले को जो पहचान उस्ताद जाकिर हुसैन ने दी,



उनकी लकीर से बड़ी लकीर खींच पाना आसान नहीं होगा। उस्ताद जाकिर हुसैन आज हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी तबले की थाप सदैव हमारे कानों में गूंजती रहेगी। उस्ताद जाकिर हुसैन वर्ष 1951 में फिल्म नगरी मुंबई (तब बॉम्बे) में पैदा हुए थे। तबला वादक पिता उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी उनके पहले गुरु और मेंटर थे। पिता की तरह उस्ताद जाकिर हुसैन ने तबले को अपने जीवन के लिए चुना। एक समय वो भी आया, जब उस्ताद जाकिर हुसैन और तबला एक-दूसरे के पर्याय बन गए। पिता ने बेटे की प्रतिभा को बचपन में पहचान लिया था, क्योंकि जाकिर हुसैन को जहां भी सपाट स्थान मिलता, उनकी उंगलियां चलने लगती थीं, भले वो रसोई का तवा, हांडी या थाली ही क्यों न हो?

मात्र 7 साल की उम्र में जाकिर हुसैन ने अपने पहले पब्लिक कॉन्सर्ट में प्रतिभा का परिचय दे दिया था। अपनी विलक्षणता से दुनिया को परिचित कराया था। मात्र 11 साल की छोटी आयु में जाकिर हुसैन ने अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया और 12 साल की उम्र में एक कॉन्सर्ट में वो पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद, पंडित कृष्ण महाराज जैसे दिग्गजों के साथ शामिल हुए थे। इस कॉन्सर्ट में उस्ताद जाकिर हुसैन को 5 रुपए पुरस्कार स्वरूप मिले थे।

भारत सरकार ने अपने इस महान संगीतकार का सम्मान करते हुए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उस्ताद जाकिर हुसैन को अपनी कला के लिए दुनियाभर में सम्मान और पुरस्कार मिले। इसी साल उन्हें अपनी एल्बम के लिए तीन ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे। उस्ताद जाकिर हुसैन अकेले ऐसे भारतीय भी थे, जिन्हें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने व्हाइट हाउस में ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट के लिए आमंत्रित किया था। उस्ताद जाकिर हुसैन ने हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय भी किया। बॉलीवुड फिल्मों को संगीत भी दिया।

लेखिका नसरीन मुन्नी कबीर ने 'जाकिर हुसैन : ए लाइफ इन म्यूजिक' में इस महान संगीतकार के जीवन से परिचय कराया है। नसरीन मुन्नी कबीर ने उस्ताद जाकिर हुसैन के 15 साक्षात्कार वर्ष 2016 और 2017 में किए थे और वर्ष 2018 में जीवनी प्रकाशित की थी। नसरीन मुन्नी कबीर ने लिखा कि उस्ताद जाकिर हुसैन एक अच्छे कहानीकार भी थे। हास्य और विनम्रता के साथ संगीत की अपनी समझ को अपने छात्रों के बीच प्रदर्शित किया करते थे। वैसे, उस्ताद जाकिर हुसैन के निजी जीवन से दुनिया कम ही परिचित रही। उन्होंने वर्ष 1978 में कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी, जो इटेलियन हैं और उनकी मैनेजर भी रहीं। उस्ताद जाकिर हुसैन की दो बेटियां अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं। अनीसा फिल्मकार हैं, जबकि इसाबेला नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। अपने अंतिम समय तक उस्ताद जाकिर हुसैन संगीत की सेवा करते रहे। महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन भारत और दुनियाभर के संगीत प्रेमियों के दिलों में सदैव रहेंगे।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## अवैध शराब समेत स्कूटर जप्त



**नर्मदापुरम।** जिल में अवैध मदिरा परिवहन संग्रहण, विक्रय, निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 16/12/2024 को वृत औद्योगिक क्षेत्र इटारसी मे आबकारी टीम द्वारा इटारसी से नर्मदापुरम जाते हुए ग्राम धोखेड़ा के पास संदेह के आधार पर दो टू व्हीलर वाहनों टीवीएस जूपिटर एवं मोटरसाइकिल यामाहा स्र्नं-स्का पीछा किया गया। ग्राम धोखेड़ा में नहर के पास बिना नंबर प्लेट लगे हुए उक्त दोनों वाहनों को रोककर तलाशी लेने पर टीवीएस जूपिटर वाहन में रखे अंग्रेजी शराब बीयर (पावर 10000) की 48 केन एवं दूसरे वाहन मोटर साइकिल यामाहा स्र्नं-स में रखी अंग्रेजी शराब बीयर (पावर 10000) की 48 केन जप्त की गयी। दोनों वाहन चालक आरोपियों राहुल पिता रिखीराम सराठे निवासी मीनाक्षी चौक नर्मदापुरम एवं दीपेंद्र पिता कन्हैया सरयाम निवासी ग्वालटोली नर्मदापुरम को मौके से गिरफ्तार कर, उनके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत 02 प्रकरण कायम किये गये । उक्त कार्यवाही में जप्त दोनों टू व्हीलर वाहनों एवं अंग्रेजी शराब बीयर की 96 केन की कीमत लगभग 92,000 रुपए आंकी गई। 88 पाव देशी, विदेशी मदिरा के साथ स्कूटी जप्त की गईं । आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया । नर्मदापुरम बी दिनांक 15 / 12/ 24 को मुखबिर की सूचनानुसार माखननगर रोड पर ग्राम जासलपुर में एक बिना नंबर की स्कूटी से कुल 44 पाव रॉयल स्टैग विस्की एवं 44 पाव देशी मदिरा प्लेन कुल 88 पाव देशी विदेशी मदिरा एवं स्कूटी जप्त कर आरोपी जितेंद्र पिता जगदीश मेस्कर निवासी बालागंज नर्मदा पुरम को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश होने के लिए जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। स्कूटी एवं मदिरा की कीमत 70,000 रु आंकी गई है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजेश साहू, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आरक्षक गोपाल रघुवंशी, दुर्गेश पठारिया, भावना यादव, योगेश महोबिया शामिल रहे। आबकारी विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

### वन विभाग की पकड़ से अभी भी दूर है बाघ के चार दांत और तीन नाखून

# जंगली सूअर के लिए लगाए बिजली के करंट से बाघ की हुई थी मौत

■ पकड़ाए चार लोगों न्यायालय में किया पेश

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**





सिवनी मालवा वनमंडल नर्मदापुरम के परिक्षेत्र बानापुरा की बीट बांसपानी के कक्ष क्रमांक आरएफ 433 में दिनांक 11 दिसंबर को वन अमले द्वारा गस्ती के दौरान जंगल में बाघ का शव मिला था। जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धाराओं 9, 39, 50 एवं 51 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13750/08 दिनांक 11.12.2024 दर्ज किया गया था। प्रकरण की जांच में डॉग स्क्रायड, मध्य प्रदेश टाइगर स्ट्राइक फोर्स की भी मदद ली गई थी वहीं बाघ की मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम एवं विसरा एकत्र करने हेतु ह्ल्रड्ढ के प्रोटोकॉल अनुसार कार्यवाही की गई। जांच के दौरान संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों से पूछताछ की गई। प्रकरण में प्राप्त साक्ष्यों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बयान के आधार पर कैलाश पिता प्रेमलाल, जाति कोरकू, उम्र 33 वर्ष, रामरतन पिता राधेलाल, जाति कोरकू, उम्र 19 वर्ष, भूरा (परिवर्तित नाम), उम्र 16 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बांसपानी, ग्राम पंचायत पीपल गोटा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बताया की उन्होंने दिनांक 3 दिसंबर की रात को जंगली जानवर सूअर के शिकार करने के लिए बांस पानी-जाटामऊ रोड पर बिजली की लाइन से तार लगाकर लगभग 250 मी. जंगल में अंदर तक खूंटिया गाड़कर करंट के लिए तार लगाए गए थे। बिजली के तारों में रात्रि के समय बाघ की करंट लगने से मौत हो गई थी। वन विभाग ने आरोपियों से तार, खूंटियां, कुल्हाड़ी एवं खूंटी बनाने के लिए लकड़ी का ठिया जप्त किया गया। आरोपियों के बयान एवं साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी अधिनियम की धाराओं का इजाफा किया गया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार न्यायिक कार्रवाई की जा रही है।तो वहीं बाघ के गायब नाखून एवं दांत बरामद करने के लिए आरोपी की तलाशी कार्यवाही जा रही है। अभी भी वन विभाग को बाग के शरीर से निकाले गए मुख्य चार दांत और तीन नाखून की तलाश है जारी है।



### वन विभाग के चौकीदार को भी बनाया आरोपी

3 दिसंबर की रात को आरोपियों ने इलेवन केवी की लाइन बिजली का करंट लगाकर सूअर मारने के लिए जाल बछाया था। लेकिन इस बिजली के करंट के जाल में सूअर तो नहीं मरा दुर्भाग्य से इस करंट से बाग की मौत हो गई। आरोपियों ने जब सुबह 5 बजे जंगल में देखा की करंट से बाघ की मौत हो गई तब आरोपियों ने बाघ को घसीट कर जंगल की और झाड़ियां में छुपा दिया और अपने-अपने काम में लग गए। घटना के 8 दिन बाद तक वन विभाग को भनक तक नहीं लगी। सूत्रों की मानें तो इस घटना से वन विभाग के चौकीदार अर्जुन को भी जानकारी थी लेकिन उसने वन विभाग को सूचना नहीं दी इसी कारण अर्जुन को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। इन तीनों को तो न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया तो वहीं एक नाबालिक को बाल सुधार कारागृह भेजा जा रहा है।

### जंगल में टाइगर की मौत से मच गया था हड़कम

टाइगर की मौत की घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के सीसीएफ अशोक कुमार,डॉग स्क्रायड की टीम सहित बाघ का पोस्टमार्टम करने के लिए वरिष्ठ पशु चिकित्सक भोपाल के डॉक्टर प्रशांत देशमुख ने बाग के सब का परीक्षण कर सैंपलिंग लिए गए इस दौरान बाग के मुख्य चार दांत और पंजे के तीन नाखून बाग के शरीर से नहीं मिले इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिकारियों द्वारा बाग के नाखून और दांत निकाले गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। मृत बाघ के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसका वही जंगल में अंतिम संस्कार किया गया था।

## रामानुज भास्कराचार्य आर्यभट्ट का गणितीय क्षेत्र में सराहनीय योगदान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

■ होम साइंस कॉलेज में गणित दिवस का आयोजन किया

सोमवार को शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में गणित दिवस मनाया गया। कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गणित दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा गणित पर आधारित प्रदर्शनी, भाषण, क्विज, कंपटीशन एवं गेम्स का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. कमल वाधवा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनीत अग्रवाल ने मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। मां सरस्वती की पूजन, दीप प्रज्वलन, अतिथियों के स्वागत सत्कार उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रामानुज, भास्कराचार्य, आर्यभट्ट के गणित के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के बारे में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विषय प्रवर्तन करते हुए गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. विनीत अग्रवाल ने मानव जीवन में गणित की उपयोगिता पर छात्राओं को मार्गदर्शित किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ. कमल वाधवा ने अपने उद्बोधन में बताया कि 125 वर्षों के बाद हम श्री रामानुज का जन्मदिवस उनकी गणितीय उपलब्धि के तौर पर मना रहे हैं। भारत सरकार हर वर्ष एक थीम गणित दिवस के लिए जारी करती है। इस वर्ष की थीम नवाचार और प्रगति के लिए सेतु है, आर्यभट्ट ने दशमलव की खोज की। बड़ी बड़ी खोजो में दशमलव का महत्वपूर्ण स्थान है। भास्कराचार्य, लीलावती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी छात्राओं से साझा की। डॉ. वाधवा ने 14 मार्च को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस की जानकारी छात्राओं को देते हुए बताया कि गणित आपके मस्तिष्क को नई नई चुनौती देता है, जिससे आप की बौद्धिक और तर्क क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर कुमारी खुशी पटेल, रेशमा शाह , दीक्षा साहू और पलक साहू ने गणित विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीपिका राजपूत ने एवं आभार शुभम भद्रे ने किया। इस कार्यक्रम में देवेंद्र सैनी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. कीर्ति दीक्षित, श्रीमती अनीता त्रिपाठी, मीनल अग्रवाल महाविद्यालयीन स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्राए उपस्थित रहीं।



## नर्मदापुरम के मिर्जा जमाल बने मिस्टर एमपी

**जबलपुर में मिस्टर एमपी बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जबलपुर में आयोजित मिस्टर एमपी बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में नर्मदापुरम के बाडी बिल्डर मिर्जा जमाल बेग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।नर्मदापुरम के आशीष दीक्षित ने भी युवा खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए मप्र बाडी बिल्डंग एसोसिएशन और जबलपुर बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जमाल को स्वर्ण पदक मिला तो वहीं चैंपियन आफ चैंपियन टाइटल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बेस्ट इंप्रूवड बाडी बिल्डर का खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 280 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मिर्जा जमाल बेग ने 2023 में भी का मिस्टर एमपी का खिताब हासिल किया था। जमाल ने बताया कि उन्होंने यह मुकाम अपनी कड़ी मेहनत और अभ्यास से हासिल किया है। जमाल के मुताबिक उनके वेट ग्रुप में काफी कड़ा मुकाबला था। स्पर्धा शुरू होने के पहले यह नहीं सोचा था कि पदक जीतना है, सिर्फ इतना सोचा था क अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। मिर्जा जमाल के प्रदर्शन पर जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव विजय दिबोलिया का कहना है कि यह नर्मदांचल के लिए गौरव का पल है। आशीष दीक्षित ने युवाओं के साथ मुकाबला किया जबकि उनकी उम्र 45 साल है। वहीं मिर्जा जमला बेग ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इतनी बड़ी सपर्धा में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सके। उनकी इस उपलब्धि पर नर्मदांचल पत्रकार संघ, जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन सहित अन्य खेल संगठनों, खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है। जमला ने बताया कि अगली स्पर्धा 29 दिसंबर को बैतूल में होने जा रही है। जिसके लिए उन्होंने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद देवास व उज्जैन में स्पर्धा होगी। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को पाने के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। मप्र बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपना स्थान बनाया है। अगली स्पर्धा की तैयारी की जा रही है जो कि बैतूल में होगी। मप्र बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों को उचित व्यवस्था मुहैया करा रहा है इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी लगातार अपना प्रदर्शन सुधार रहे हैं और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही नर्मदापुरम में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## एसपीएम सुरक्षा बल यूनिट का निरीक्षण किया



**नर्मदापुरम।** सोमवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डीआईजी दयाशंकर के द्वारा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट स्क्करू नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया. उन्होंने मिलेट्स मेले का उद्घाटन भी किया गया । इस दौरान वरिष्ठ कमांडेंट मनीष सिंह, सहायक कमांडेंट एस के राय एवं प्रबंधन के उच्च अधिकारी तथा सीआईएसएफ के अन्य बल सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षक एन एस बिष्ट द्वारा मिलेट्स मेले के उद्घाटन के दौरान मिलेट्स की उपयोगिता और उनके महत्व के बारे में बताया।

## रॉयल सिटी के रहवासियों ने वादा खिलाफी का एसडीएम को दिया ज्ञापन

**सिरोंज।** सोमवार को रॉयल सिटी कॉलोनी में रहने वालें लोगों ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए कहा कॉलोनी नाइजर ने हमारे साथ धोखा किया है, जिस समय हमें कॉलोनी में प्लाट दिए गए थे ।उस सभी सुविधा वादा किया था साथ में ही लिखित में दिया था उसको भी कोई काम नहीं करवाया इन लोगों ने एसडीएम कहा कि कई साल गुजर जाने के बाद हम लोग सुविधाओं के लिए तरस रहे हमारी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार हम लोग अपनी परेशानियों से कॉलोनाइजर को अवगत करा चुके हैं। उन्होंने उल्टा नगर पालिका में रखा बंधक प्लाटों को विकास अनुमति लेते समय में रखें थे। उनको भी सुविधा दिए बगैर बेच दिए हैं। कॉलोनाइजर ने हमारे साथ भी छल किया गया है इन लोगों ने एक बार कॉलोनी में आने के लिए एसडीएम से आग्रह करते हुए कहा कि एक बार आकर देखा हम लोगों कितनी परेशानियों के बीच रह रहे हैं। इसके साथ ही जांच कर कर हमारे साथ वादा खराबी करने वाले कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करके सुविधा उपलब्ध कराई जाए दूसरी और उक्त कॉलोनी डेम से लगकर विकसित की गई है जो की पूरी से गलत है उसकी भी जांच होनी चाहिए। एसडीएम ने जांच करवा का उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान ज्योतेंद्र जोशी, परशुराम पंथी, नीरज कुमार सक्सेना आदि मौजूद थे।



**मेट्रो एंकर** 21 एवं 22 दिसंबर को रंगारंग संगीतमय कार्यक्रमों के साथ होंगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बी बॉयज समेत पांच क्लबों ने जीते मैच

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

आचार्य चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति के तत्वावधान में गांधी मैदान में नगर पालिका परिषद के सहयोग से आयोजित आचार्य चाणक्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को भी छह मैच खेले गये। आज के मैचों में बी बॉयज, संत रविदास क्लब, अखंड भारत निर्माता क्लब, भारतीय क्लब, विश्वकर्मा वारियर्स और ग्लोरी ऑफ गॉड ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

पहला मैच चाणक्य क्लब और बी बॉयज के बीच खेला गया जिमसें पहले बैटिंग करते हुए चाणक्य क्लब ने निर्धारित 8 ओवर्स में 6 विकेट पर 61 रन बनाये। जवाब में बी बॉयज ने जरूरी रन बनाकर मैच तीन विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अक्षय भाट रहे। दूसरा मैच इंडियन हैदरी क्लब और संत रविदास क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी कर इंडियन हैदरी ने 56 रन बनाये। जवाब में संत रविदास क्लब ने 57 रन बनाकर मैच तीन विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रजत जोठे रहे। तीसरा मैच वैश्य समाज और विश्वकर्मा वॉरियर्स के मध्य खेल गया जिसे विश्वकर्मा वॉरियर्स ने 1 विकेट से जीता। मैन ऑफ द मैच शुभम विश्वकर्मा रहे।



### प्रतियोगिता के मैच देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे दर्शक

प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि गांधी मैदान पर मैच देखने प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। इस तरह का आयोजन देशभर से अलग आपसी सद्भाव और सौहार्द्र के लिए कराया जाता है। इसमें विभिन्न समाजों की 24 टीमें शामिल हो रही हैं। मैदान पर खिलाड़ी खेल भावना का परिचय दे रहे हैं। शहर के अच्छे खिलाडियों का खेल देखकर दर्शन रोमांचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 एवं 22 दिसंबर को रंगारंग संगीतमय कार्यक्रमों के साथ सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। आज प्रतियोगिता का चौथा मैच अखंड भारत निर्माता और वाल्मिकी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें अखंड भारत निर्माता ने जीत हासिल की। टीम के निहाल पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय क्लब और वीर शिवाजी क्लब के मध्य खेला गया पांचवा मैच बड़ा रोमांचक रहा। वीर शिवाजी ने 83 रन का बड़ा स्कोर बनाया था जिसे भारतीय क्लब ने प्राप्त करके 6 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच राजा दुर्रानी रहे। आज का छटवा और अंतिम मैच चाणक्य क्लब और ग्लोरी ऑफ गॉड के मध्य खेला गया। इस मैच को ग्लोरी ऑफ गॉड ने 7 विकेट से जीता।

# अवैध कालोनियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें : कलेक्टर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी एसडीएमों को सचेत करते हुए कहा है कि जिले में अवैध कॉलोनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी सभी अवैध कालोनियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही शीघ्रतिशीघ्र संपादित करने के निर्देश उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार और निकायो के अधिकारियों को संयुक्त रूप से दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से कहा है कि कार्य क्षेत्रों में अवैध कालोनियों का चिन्हांकन किया जा चुका है फिर कार्यवाहियों में विलम्बता क्यों हो रही है उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के भेदभाव किए बिना ही नियमानुसार कार्यवाहियां संपादित कराएं। उन्होंने संबंधित अवैध कालोनाइजरों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सुश्री निकिता तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 166 अवैध कॉलोनियों



चिन्हांकित की गई है सर्वाधिक 56 कालोनियां सिरोंज में इसके पश्चात विदिशा में 32, बासौदा में 27, कुरवाई में 21, लटेरी में 14 एवं शमशाबाद में 16 कालोनियां का चिन्हांकन निर्धारित पैरामीटरो को पूरा नहीं करने के फलस्वरूप अवैध कालोनियों के रूप में चिन्हांकन किया गया है।

### सूची चस्पा करें

कलेक्टर ने समीक्षात्मक बैठक में एसडीएम व तहसीलदारो को निर्देशित किया है कि कार्यक्षेत्रों में जो-जो अवैध कालोनियां चिन्हांकित की गई है उनकी सूची फ्लैक्स के रूप में जिला व तहसील स्तरीय पंजीयक कार्यालयों में चस्पा की जाए ताकि आमजन किसी भी प्रकार की धोखाधडी के शिकार होने से बच सकें वहीं अवैध कालोनियों की रजिस्ट्री को कैसा रोका जाए के संबंध में जिला पंजीयक श्रीमती क्षिप्रा सेन को आवश्यक निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक करने के संसाधनो पर बल देते हुए कहा कि आम आदमी अवैध कालोनी का शिकार न बनें इसके लिए हर स्तर पर सूचना तंत्रो के माध्यम से जनजागरूकता के कार्य किए जाए। बैठक में बताया कि विदिशा एसडीएम के द्वारा 32 अवैध कालोनियों के चिन्हांकन उपरांत 12 कालोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं।

## जनकल्याण पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे शिविर में हितग्राहियों को मिल रहा सीधा लाभ

# अनाथ तमन्ना के चेहरे पर खिली मुस्कान अब हर महीने मिलेगी 4 हजार की मदद

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

अनेक महीनों से अपने माता पिता के देहावसान हो जाने के बाद से शासन की बाल आशीर्वाद योजना के माध्यम से पालन पोषण के लिए मिलने वाली सहायता राशि पाने का इंतजार कर रही ग्यारह वर्षीय तमन्ना प्रजापति को सोमवार को बस स्टैंड पर आयोजित शिविर में लाभान्वित करते स्थानीय नपाध्यक्ष एवं अधिकारियों ने स्वीकृति पत्रक सौंपा। अब अनाथ बेटी तमन्ना को अगले माह से चार हजार रुपए प्रतिमाह की राशि भरणपोषण के लिए प्राप्त होने लगेगी। तमन्ना के माता पिता तथा छोटे भाई की विगत सालों में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में एकमात्र होने से उसे इस योजना में शामिल किया गया है।

इसी तरह प्रधानमंत्री आवास में अपनी तीसरी व अंतिम किश्त पाने के लिए परेशान रामश्री बाई पचास हजार रु की राशि का स्वीकृति पत्रक सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा बस स्टैंड पर लगाए गए जनकल्याण शिविर में रामश्री के लकवा पीड़ित नथन सिंह ने उनकी तीसरी किश्त दिलवाए जाने की गुहार लगाई थी। जिस पर विधायक जी ने एक सप्ताह में जांच कर राशि दिए जाने के निर्देश दिए थे। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा की



सक्रियता से इन दोनों आवश्यक मामलों का सोमवार स्थानीय बस स्टैंड पर आयोजित जनकल्याण शिविर में समाधान हो गया। इसके अलावा पीएम स्वनिधी में लोन लेकर समय पर जमा करने वाले दो हितग्राही कपिल रजक तथा ज्ञानसिंह कुशवाह को पचास पचास हजार की लोन राशि के स्वीकृति पत्रक भी सौंपे गए।

नपाध्यक्ष मनमोहन साहू तथा सचिन शर्मा ने सभी हितग्राहियों को उक्त प्रकरणों के स्वीकृति पत्रक सौंपे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए का रहे जनकल्याण पर्व शिविर की श्रृंखला में सोमवार को वार्ड क्रमांक दो के स्थानीय बस स्टैंड पर शिविर का आयोजन किया गया था। सुबह ग्यारह बजे से आयोजित शिविर में नपा अधिकारी कर्मचारियों के साथ स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करवाने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाने के लिए मौके पर मौजूद दिखाई दिए। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी लेने के लिए दिनभर संबंधित वार्ड सहित अन्य नागरिकों का तांता दिनभर लगा रहा। शिविर में सत्तर वर्ष की आयु पूरी करने वाले तीन हितग्राहियों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा शिविर में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास,खाद्यान्न पर्ची,पीएम स्वनिधी,पेंशन,जन्ममृत्यु,गरीबी रेखा में पात्रता तथा संबल योजना के आवेदन शामिल हैं। आने वाले समय में इन सभी प्राप्त आवेदनों की जांच की जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नोडल अधिकारी बालमुकुंद कुशवाह,स्वास्थ्य अधिकारी,धीरज मैना,संतोष सहरिया,ज्योति दुबे सहित नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल विकास की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका उपस्थित रही।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों में अधिकारियों को शामिल होने कलेक्टर ने दिए निर्देश

विदिशा जिले में जारी मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरो में संबंधित विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी सम्मिलित हो के निर्देश कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान यह संज्ञान में आने पर की जिलाधिकारी शिविरो में शामिल नहीं हो रहे है पर असंतोष जाहिर करते हुए उन्होंने विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वप्रेरणा से अधिकारी शिविरो में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का क्रियान्वयन 11 से 26 जनवरी तक किया जाना है अतः इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक ना हो का विशेष ध्यान देते हुए विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के लिए इन शिविरो को सुनहरा अवसर मानते हुए पात्रताधारियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिविर में आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया के पूर्व शिविरो के नोडल अधिकारियों को भ्रमण के दौरान आवेदन प्राप्त होते है तो उन आवेदनो को भी शिविरो में शामिल कर निराकरण प्रक्रिया से आवेदको को अवगत कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को साप्ताहिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान शिविरो के तहत जिले में अब तक 107 शिविरो का आयोजन किया जा चुका है जिनमें मात्र 1219 आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदनों की संख्या कम पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने



जिलाधिकारियों को स्व-प्रेरणा से शिविरो में शामिल होने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि जो आवेदन प्राप्त होते है उनकी अद्यतन स्थितियां पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। आफ लाइन आवेदनो की संख्यात्मक जानकारी मान्य नहीं की जाएगी। जिस प्रकार अन्य जिलो के द्वारा हर रोज हजारो की संख्या में आवेदन दर्ज कर निराकरण किए जा रहे रहे है फिर विदिशा जिले में यह प्रगति क्यों परलिक्षित नहीं हो रही हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने वालो को भी निर्देशित किया है कि शिविरो में पहुंचकर लाइन लिस्टिंग के अलावा शेष अन्य नागरिकों को आयुष्मान कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराए इसी प्रकार शासकीय अस्पतालो के साथ-साथ डिलेवरी पाइंटों में डिलेवरी होने के उपरांत नवजात शिशुओं के भी आधार कार्ड बनाए जाने है अतः अस्पताल में ही उक्त प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया जाए ताकि आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड के मामलो में विदिशा जिला पीछे ना रहे।

# लंबित आवेदनों की समीक्षा, ग्रेडिग माह की शिकायतों का निराकरण पर बल



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणो की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रेडिंग माह की शिकायतो के निराकरणो में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो का विशेष ध्यान रखते हुए समय सीमा में आवेदनों को निराकृत कर जिले की रैकिंग में सुधार लाते हुए विभाग की विभागीय रैकिंग में सर्वोच्च स्थान पर रहें।

कलेक्टर श्री सिंह ने 15 दिसम्बर तक निराकृत आवेदनों पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि जिस गति से आवेदनों का निराकरण होना चाहिए वह स्थिति परलिक्षित नहीं हो रही है यदि सुधार नहीं आता है तो जिला अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाहियां प्रस्तुत करने के निर्देश उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के जिला नोडल अधिकारी को दिए है। बैठक में बताया गया कि पिछले दो दिनो में मात्र 203 आवेदनो का नही निराकरण किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिन विभागो के द्वारा आवेदनो के निराकरणो में रूचि प्रदर्शित नहीं की गई है उन्हें सचेत करते हुए कहा कि बुधवार को पुनः साढे दस बजे से केवल सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो की समीक्षा की जाएगी। यदि इन दो दिवसो में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप निराकरणो की कार्यवाही संपादित नहीं की जाती है तो ऐसे विभागो के जिला सहित ग्राम स्तरीय अमले पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिन मांग संबंधी आवेदनों पर फोर्सक्लोज की कार्यवाही की जानी है के संबंध में उन्होंने स्पष्ट सचेत कराया कि विभागीय प्रमुख से उक्त कार्यो का संपादन कराया जाए। बैठक में लंबित आवेदनों के संबंध में बताया गया कि सौ दिवस की कुल 5621 शिकायते तथा सीपी ग्राम की विकासखण्डवार पचास दिवस की, जनसुनवाई के लंबित आवेदन, समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम के निर्धारित विषयो से संबंधित शिकायतो की पृथक-पृथक समीक्षा की गई है।

कलेक्टेट्र्र के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में जिन कार्यो की पृथक से समीक्षा की गई उनमें मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, केन बेतवा लिंक परियोजना, राजस्व महा अभियान, उपार्जन कार्य, आयुष्मान कार्डो की प्रगति, चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, विभिन्न प्रकार के आवासो व आंगनबाडी भवनो के निर्माण कार्यो तथा जिले में खाद, बीज की उपलब्धता इत्यादि विषय

# सर्दी से बचाव के लिए अनाथ गरीबों को बांटे गर्म कंबल

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सर्दी में लावारिश हालत में सड़को पर रहने वाले अनाथ, गरीबों को सर्दी से बचने के लिए नपा परिषद ने रविवार रात गर्म कंबल बांटे। इस दौरान पार्षद सचिन शर्मा एवं बलजीत यादव के साथ नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू नपा कर्मचारियों के साथ स्थानीय बस स्टेंड क्षेत्र में रात गुजारने वाले गरीब,पागल तथा भीख मांगकर जीवन यापन करने वालों को ढूंढकर उनको कंबल उड़ाए। इस दौरान कुछ मजदूर ऐसे भी मिले जो शहडोल से मजदूरी करने आए कुछ मजदूर ऐसे भी मिले जो सुबह बस पकड़ने के चक्कर में मात्र प्लास्टिक की थैली ओढ़कर ही सो रहे थे। सर्दी में उनको जगाकर वस्तुस्थिति जानी और विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश



पर अस्थाई रूप से नपा शादी हाल में शुरू किए गए रैन बसेरे में लाकर उनके सोने के प्रबंध किए गए। इस दौरान करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। सीएमओ ने शहरवासियों से आग्रह भी किया कि नपा परिषद ने शासन के निर्देश पर नपा शादी हाल में जरूरतमंद बीस लोगों के लिए गर्म बिस्तर की व्यवस्था की गई है।

### जैन समाज के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोहिल का हुआ प्रथम नगरागमन

**सिरोंज।** मप्र जैन समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश जैन गोहिल के अपने ग्रह नगर सिरोंज में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर आइजा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि राकेश जैन गोहिल कई वर्षो जैन समाज में तीर्थ क्षेत्रो का उद्धार एंव समाज को संगठित कर समाज में फैल रही कुर्तियो को दूर करने का प्रयास काफी समय से कर रहें है। उनकी नियुक्ति प्रदेश जैन समाज ने सागर में विराजमान मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के सांनिध्य में सम्पन्न हुआ था। इस मौके पर गोहिल को बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन गुरधानी,पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी आदि ने श्री जैन को बधाई दी।

# राम गुलाम राजोरिया रामजी लटेरी से और आशीष शर्मा आनंदपुर से होंगे भाजपा के मंडल अध्यक्ष

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

लटेरी भाजपा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियों का दौर जारी है इसी क्रम में पार्टी ने सिरोंज विधानसभा के लटेरी में दोनों मंडलों की नियुक्ति कर दी गई है लटेरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया और आनंदपुर मंडल से आशीष शर्मा को मण्डल अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रामगुलाम राजोरिया और आशीष शर्मा को शुभकामनाएं दी हैं। लटेरी मंडल में नियुक्त रामजी महज पांच बर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले तथा अनूसूचित जाति वर्ग, शोषित वंचित





वर्ग से आने वाले 42 बर्षीय राम गुलाम राजौरिया पर भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास जताया है। लटेरी भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर राम गुलाम राजौरिया को नियुक्त किया गया है तथा निर्वतमान अध्यक्ष श्री राजकुंवर बघेल को जिले में दायित्व दिया गया है।

कट्टर हिंदुवादी छवि के धनी राम गुलाम के मित्र बताते हैं कि राम गुलाम राजौरिया के कूटनीतिक और रणनैतिक कौशल के टक्कर में वर्तमान में कोई नहीं है। संकटमोचक के रूप में भाजपा को बार बार आपने सेवाएं प्रदान की हैं।

**आशीष शर्मा का राजनैतिक जीवन**

आनंदपुर के रहने वाले आशीष शर्मा अपनी राजनैतिक सूझ बूझ के लिए जाने जाते है। विरोधियों के दिल पर भी अपनी मुस्कुराहट की छाप छोड़ने वाले आशीष शर्मा विधायक उमाकांत शर्मा के खाश विश्वाश पात्रों में अपना स्थान पाते हैं,आशीष इतनी कम उम्र में आनंदपुर जैसे ग्राम में सरपंच के पद पर रह चुके हैं, जिला महामंत्री जैसे पदों पर रहे है, पार्टी के प्रति हमेशा समर्पित भाव से काम करने वाले और पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा लगन शीलता को देखते हुए भाजपा ने आशीष शर्मा को मंडल अध्यक्ष जैसे पद से नवाजा गया है।

**राम गुलाम राजौरिया का जीवनवृत**

सन् 1988 से संघ में स्वयंसेवक, द्वितीय वर्ष तक संघ शिक्षा वर्ग शिक्षित। लटेरी खंड कार्यवाह, तहसील कार्यवाह, जिला बोद्धिक प्रमुख एवं जिला संपर्क प्रमुख के दायित्वों का निर्वहन किया। भाजपा मंडल लटेरी में दो बार महामंत्री रहे, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रहे। एमवीए प्रथम श्रेणी तक प्रबंधन के विद्यार्थी रहे। सरस्वती शिशु मंदिर में दीर्घकालीन सहसचिव रहे। अत्यंत साधारण परिवार एवं शोषित पीड़ित जाति वर्ग से आते है। नगर में चिर-परिचित व्यक्तित्व श्री परमानन्द राजौरिया के ज्येष्ठ पुत्र श्री राम गुलाम राजौरिया ने अत्यंत कठिनाइयों में अपना बचपन बिताया। कहते हैं कि पूत के लक्षण पालनें में ही दिखने लगते हैं।

**मेट्रो एंकर** जिला मुख्यालय विदिशा के नीमता स्थित गांधी चौक पर पुलिस बैंड ने गीत की धुन पर शानदार प्रस्तुति दी

# मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं 16 दिसंबर विजय दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आज जिला मुख्यालय विदिशा के नीमता स्थित गांधी चौक पर पुलिस बैंड प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विदिशा विधायक मुकेश टंडन, विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिकों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन स्वर्णिम दिन है उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड की शुरुआत के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के सैनिकों की देशभक्ति, साहस और वीरता और बलिदान को नमन करते हुए 16 दिसंबर विजय दिवस पर विस्तृत प्रकाश डाला। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड




की शुरुआत करने पर शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि आज 16 दिसंबर विजय दिवस का दिन है आज ही के दिन 1971 में साहसिक निर्णय लिया गया था भारतीय सेना ने अपने साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के एक लाख सैनिकों को बंदी बनाया था हमारी सेना के हौसले बुलंद हैं देश के सैनिकों ने यह ऐतिहासिक कार्य किया था।

**भूतपूर्व सैनिक हुए सम्मानित**

कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक राजाराम राजपूत, विजय बहादुर भटनागर, धीरज सिंह राजपूत, नरेंद्र कुमार शर्मा, बलराम, चतर सिंह राजपूत, धीरज सिंह राजपूत को सम्मानित किया गया

कलेक्टर ने कहा कि आज का यह अवसर हमें याद दिलाता है कि कैसे इस लड़ाई में वीरता का प्रदर्शन हमारे देश के सैनिकों ने किया था और पाकिस्तान के 1 लाख सैनिकों से आत्म समर्पण कराया था यह हमारे भारत के गौरवशाली क्षणों को याद दिलाता है। इसके अलावा उन्होंने जिले के पुलिस बैंड द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति की भी प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि 16 दिसंबर की तिथि महत्वपूर्ण है आज ही के दिन 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाई गई थी। और इस दिवस को हम विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिवस हमारे वीर सैनिकों को उनके त्याग और बलिदान के लिए सम्मानित करने का दिन है। कार्यक्रम को राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान, एनसीसी कैडेट्स सहित गणमान्य नागरिक गण और मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विदिशा जिले के पुलिस बैंड द्वारा शानदार गीतों की प्रस्तुति दी गई है। पुलिस बैंड द्वारा सर्वप्रथम सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा गीत की प्रस्तुति दी गई तथा कदम कदम बढ़ाए जा की धुन और भारत के जवान गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति भी दी गई।



## मैनचेस्टर डर्बी: मैनचेस्टर सिटी की पिछले 11 मैचों में आठवीं हार

# एक गोल से पिछड़ने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 2-1 से जीत लिया मैच

**मैनचेस्टर. एजेंसी**

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो के 90वें मिनट में दागे गए गोल की मदद से जोरदार वापसी करते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हरा दिया। चार बार की गत विजेता सिटी ने इतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैनचेस्टर डर्बी मुकाबले में 88वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी थी, लेकिन ब्रूनो फर्नांडीज ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल करके मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद डायलो ने विजयी गोल दागकर यूनाइटेड की जीत सुनिश्चित की।

**मैनचेस्टर सिटी का बुरा दौर जारी...** सिटी का इस सीजन बुरा दौर जारी है। मैनचेस्टर डर्बी के पिछले छह में से पांच मैच जीतने वाली सिटी की टीम यहां जूझती दिखी। यूनाइटेड ने तीन मिनट में दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के बावजूद मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम 22 अंक के साथ 13वें स्थान पर है।

### इधर, 0-5 से हार के बाद साउथम्पटन के मैनेजर मार्टिन बर्खास्त

**साउथम्पटन, एजेंसी।** टोटेनहेम हॉट्स्पर के खिलाफ 0-5 की हार के बाद साउथम्पटन ने अपने मैनेजर रसेल मार्टिन को बर्खास्त कर दिया है। साउथम्पटन अंतिम पायदान पर है, जबकि टोटेनहेम 10वें स्थान पर पहुंच गया है। टोटेनहेम ने मैच के पहले हाफ में ही 5-0 की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद साउथम्पटन के लिए वापसी करना असंभव हो गया था। टीम की ओर से जैम्स मेडिसन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया था। चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग के इस सीजन में अपनी 10वीं जीत दर्ज की। चेल्सी की ओर से मार्क कुकुरेला ने 43वें और एन जेक्सन ने 80वें मिनट में गोल किए। चेल्सी की टीम 16 मैचों में यह 10वीं जीत है और वह 34 अंकों के साथ लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट बारिश से बाधित, फिर हुआ शुरू

# रवींद्र जडेजा फिफ्टी बना चुके, राहुल आउट; इंडिया 180/6

**ब्रिस्बेन. एजेंसी**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में खेला जा रहा है। मंगलवार को मुकाबले का चौथा दिन है। फिलहाल, बारिश रुक चुकी है और मैदान से कवर्स हटाए जा रहे हैं।

दूसरे सेशन में भारतीय टीम ने पहली पारी में 6 विकेट पर 180 रन बना लिए हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 66 रन और बनाने हैं। रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी नाबाद हैं। जडेजा फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। केएल राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन लायन ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने डाइव लगाकर कैच पकड़ा। कप्तान रोहित शर्मा (10 रन) को पैट कमिंस ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। भारतीय टीम ने सुबह 51/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। केएल राहुल ने 33 रन और रोहित शर्मा ने शून्य से पारी को आगे बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।

रवींद्र जडेजा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 50वां ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क के ओवर की 5वीं बॉल पर सिंगल लेकर 50वां रन बनाया। जडेजा ने टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक जमाया। ब्रिस्बेन में बारिश शुरू हो गई है और लंच के बाद खेल शुरू नहीं हो पाया है। रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी नाबाद हैं। दिन का पहला सेशन भारतीय बैटर्स के नाम रहा है। 32 ओवर के इस सेशन में भारत ने 116 रन बनाए। हालांकि टीम इंडिया को 2 झटके भी लगे। केएल राहुल 84 रन बनाने के बाद आउट हुए, जबकि रोहित शर्मा 10 रन ही बना सके।

44वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। पैट कमिंस के ओवर की चौथी बॉल पर लेग बाई के चार रन मिले। इन रनों के सहारे भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार किया।

केएल राहुल 84 रन बनाकर आउट

43वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन लायन ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने डाइव लगाकर कैच पकड़ा। यहां 67 रन की पार्टनरशिप ब्रेक हुई। राहुल और जडेजा की फिफ्टी पार्टनरशिप

केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 74 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था। जडेजा ने 36वें ओवर की तीसरी बॉल पर दो रन लेकर अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। 30वें ओवर में भारत ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। केएल राहुल ने नाथन लायन की पहली बॉल पर सिंगल लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंच गया था।

# डी गुकेश का स्वदेश वापसी पर भव्य स्वागत

**चेन्नई . एजेंसी**





विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। सिंगापुर में संपन्न विश्व चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने गुकेश का जोरदार स्वागत किया। गुकेश यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। गुकेश ने घर लौटने के बाद कहा, मैं इस प्यार और समर्थन को देखकर बहुत खुश हूं। मैं देख सकता हूं कि यह जीत भारत के लिए क्या मायने रखती है। आप सभी के प्यार और समर्थन से मुझे ऊर्जा मिलती है।

## ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता लीग के फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे

# नीरज चोपड़ा बोले- मेरा अगला लक्ष्य अब 2025 विश्व चैंपियनशिप का रहेगा...

**सोनीपत. एजेंसी**

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह बनाना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। अब वह स्वदेश लौट आए हैं। उन्होंने यहां एक समारोह में अपनी फिटनेस पर अपडेट देते हुए कहा कि मेरी चोट अब पहले से काफी बेहतर है।

**चोट से प्रभावित हुआ प्रदर्शन:** नीरज पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी कराने की जरूरत होगी या नहीं।

**तकनीक को सुधारने पर ध्यान:** नीरज ने कहा वह अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है।



# भारतीय पैडलर्स ने जीते 27 पदक

## डब्ल्यूटेटे यूथ कंटेंडर

**नई दिल्ली. एजेंसी**



भारतीय युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने सऊदी अरब में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य सहित कुल 27 पदक जीते हैं। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार अंडर-19 बालिका एकल में वर्ग में भारत के सुहाना सैनी, तनीषा कोचा, सायली वानी और प्रीथा वर्तिकार ने जीत हासिल की। वहीं अंडर-19 बालक एकल में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता, जबकि पी.बी. अभिनंद और जश मोदी ने कांस्य पदक जीता।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# धर्मेंद्र थे जया बच्चन के क्रश, करती थी पसंद



जया बच्चन ने 1971 में धर्मेंद्र के साथ फिल्म गुड्डी से डेब्यू किया था। हाल ही में धर्मेंद्र ने बताया कि वो अब भी जया बच्चन को अपनी गुड्डी कहते हैं। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र और जया ने शादीशुदा कपल का रोल किया है। फिल्म की सक्सेस मीट पर धर्मेंद्र ने कहा कि उनकी फिल्म गुड्डी को रिलीज हुए 52 साल हो चुके हैं लेकिन वो आज भी जया को गुड्डी ही कहते हैं। फिल्म गुड्डी में जया ने एक टीनेजर का किरदार निभाया था जो धर्मेंद्र की बहुत बड़ी फैन है। फिल्म में धर्मेंद्र ने एक्टर धर्मेंद्र का रोल ही प्ले किया था। फिल्म के डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी थे। जया ने कई बार इस बारे में खुलकर बात की है उन्हें धर्मेंद्र बहुत पसंद थे और वो उनके क्रश भी थे। इवेंट के दौरान करण जौहर ने धर्मेंद्र से उनके गुड्डी डेज की यादों के बारे में पूछा। धर्मेंद्र ने बताया वो आज भी जया बच्चन को गुड्डी कहते हैं। धर्मेंद्र ने ये भी बताया कि जया बच्चन का पहला फोटोशूट भी उनके घर में ही हुआ था। धर्मेंद्र ने कहा- जया बच्चन ने मेरे घर पर फोटोशूट किया था। जया कहती थीं कि वो मेरी बहुत बड़ी फैन हैं और मेरी फिल्मों के डायलॉग मुझे सुनाया करती थीं। करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र ने कंवल का रोल किया है जो बढ़ती उम्र की वजह से चीजें याद नहीं रख पाते हैं। फिल्म में धर्मेंद्र अपनी अपनी प्रेमिका जामिनी से मिलने के बाद स्वस्थ होने लगते हैं।

## भारतीय लड़की की कहानी पर बेस्ड है फिल्म 'अकेली'

नुसरत भरुचा स्टारर फिल्म अकेली का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में जंग के बीच इराक में फंसी एक भारतीय लड़की की कहानी दिखाई गई है। ये लड़की इराक में 2014 में चल रहे सिविल वॉर में फंस जाती है और वहां से निकलर अपनी जान बचाने की हर संभव कोशिश करती है। फिल्म में नुसरत के साथ लीड रोल में इजराइली एक्टर त्साही हलेवी और आमिर बोट्रॉस ने लीड रोल में दिखेंगे। इजराइली एक्टर त्साही हेल्वी और आमिर बोट्रॉस ने वेब सीरीज फौदा में दिखाई दिए थे। इस फिल्म के साथ दोनों एक्टर्स हिंदी डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर प्रणय मेश्राम हैं। फिल्म 18 अगस्त को थिएटर में रिलीज होगी। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। ट्रेलर की शुरुआत में इराक में हाथों में बंदूक लिए नकाबपोश लोग दिखते हैं। इसके बाद नुसरत की बैकस्टोरी दिखाई गई है कि कैसे वो इराक पहुंचती हैं।



## अगर आप मोटे हैं, तो लोग काम नहीं देते हैं- चारू



एक्ट्रेस चारू असोपा ने हाल ही में बताया कि प्रेग्नेंसी के बाद उनका वजन बढ़ गया था, जिस कारण उन्हें काम मिलने में काफी मुश्किल हुई थी। एक्ट्रेस ने कहा कि इंडस्ट्री में वजन कम करने को लेकर बहुत ज्यादा दबाव बनाया है। अगर एक्ट्रेस का वजन बढ़ गया है तो उसे शो में काम नहीं मिलेगा। दरअसल, चारू असोपा ने नवंबर 2021 में एक बेटी को जन्म दिया था। ऐसे में उनकी बेटी जल्द ही 2 साल की हो जाएगी। एक्ट्रेस ने हाल ही में कहा कि वह कभी नहीं भूल सकती कि वह अपनी डिलीवरी के तुरंत बाद किस तरह के दबाव से गुजरी थीं। तब कई लोगों को उम्मीद थी कि वह जल्द ही प्रेग्नेंसी के बाद अपना वजन घटा लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एक्ट्रेस ने कहा- सेलिब्रिटी माओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद ही अपना वजन कम कर लें, ताकि आप फिर से काम पर आ सकें।

### वजन कम करने के लिए पानी से भी परहेज किया

बातचीत के दौरान चारू से सवाल किया गया कि क्या उन्होंने इन दबावों और अपेक्षाओं के आगे घुटने टेक दिए थे? इस पर चारू ने कहा- शुरुआत में, जब मैं राजीव से अलग हुई तो मैं जल्द से जल्द काम करना चाहती थी। जब मैं ऑडिशन और मीटिंग के लिए गई, तो मुझसे कहा गया कि आपका वजन ज्यादा है। आपके चेहरे पर बहुत चर्बी है और आपको वापस शेप में आने के लिए रोजाना दौड़ना और वर्कआउट करना चाहिए। उन्होंने कहा- मेरी अपनी जरूरते हैं और मैं जल्द से जल्द काम करना चाहती थी, इसलिए मैंने सख्त डाइट ली और रोज एक्सरसाइज की। शूटिंग के दौरान मैं खाना नहीं खा रही थी। कभी-कभी मैं वॉटर रिटेंशन के कारण कुछ खास कपड़ों में फिट होने के लिए पानी से भी परहेज कर रही थी। चारू ने कहा कि जो भी उन्होंने किया वह इसकी सही साबित नहीं कर रही हैं, इस तरह की चीजें सेहत के लिए सही नहीं हैं।



**मेट्रो बाजार**

# लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर की कीमतें नहीं बढ़ेंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकार के लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कम्प्यूटर के इंपोर्ट पर रोक लगाने के नोटिफिकेशन के बाद सेक्रेटरी ने कहा कि इंपोर्ट पर कोई बैन नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनियां और ट्रेडर हार्डवेयर, लैपटॉप, टैबलेट आदि का इंपोर्ट कर सकते हैं। इंपोर्ट के लिए आवश्यक लाइसेंस 5 मिनट के भीतर दे दिया जाएगा मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी के सेक्रेटरी ने कहा कि ऐसे इंपोर्ट्स के लिए आवश्यक लाइसेंस 5 मिनट के भीतर दे दिया जाएगा। एक कंपनी मल्टीपल लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर सकती है ऑफिशियल के मुताबिक, दो कंपनियां पहले ही इंपोर्ट लाइसेंस के लिए आवेदन कर चुकी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक कंपनी मल्टीपल लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर सकती है। उन्होंने कहा, लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे गुड्स की कीमतें नहीं बढ़ेंगी और गुड्स के ट्रांजिट में कोई बाधा नहीं आएगी। इंपोर्ट पर इस रिस्ट्रिक्शन का पीएलआई 2.0 से कोई संबंध नहीं है। सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कम्प्यूटर के इंपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की जानकारी दी थी। किसी प्रोडक्ट के इंपोर्ट पर बैन लगाने का मतलब है कि विदेशों से उन प्रोडक्ट्स को लाने के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति जरूरी होगी। इस रोक से सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस फैसले से लोकल मैन्युफैक्चरर्स और ऐसी विदेशी कंपनियों को फायदा होगा, जो देश में लगातार प्रोडक्शन कर रहे हैं, लोकल सप्लाई को बढ़ावा दे रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। डेल और एचपी उन कंपनियों में से हैं जिनकी भारत में पहले से ही मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज हैं। बैगेज में इन आइटम्स को ले जाने पर प्रतिबंध नहीं है।



## रॉयल एनफील्ड भी लॉन्च कर रहा है इलेक्ट्रिक बाइक

**नईदिल्ली।** रॉयल एनफील्ड के सीईओ सिद्धार्थ लाल ने कहा है कि कंपनी अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक 2025 में लॉन्च करेगी। 2024 के पहले क्वार्टर के रिजल्ट अनाउंस करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सिद्धार्थ लाल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- कंपनी नई बाइक के लॉन्च के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। बाइक प्रोटोटाइप फेज तक डेवलप हो गई है। इसकी 1.5 लाख यूनिट रॉयल एनफील्ड के मौजूदा सेटअप में ही मैन्युफैक्चर होगी। डेवलपमेंट के लिए रॉयल एनफील्ड ने स्पेनिश इलेक्ट्रिक बाइक मैन्युफैक्चरर स्टार्क फ्यूचर के साथ को-लैबोरेट किया है। मार्केट ट्रेंड को देख कर कोई जल्दबाजी नहीं करेंगे। हम ईवी के नाम पर कुछ भी आधी-अधूरी चीजें परोसना नहीं चाहते हैं। हमारा कॉम्पिटिशन मार्केट की दूसरी ईवी बाइकों से नहीं है। हमारा ध्यान इसे बेहतर से बेहतर बनाने पर है, इसलिए हमने 2 साल का समय लिया है। इस बीच रॉयल एनफील्ड न्यू जेनरेशन बुलेट 350 को भारत में 30 अगस्त को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी के पोर्टफोलियो में हंटर 350 की कीमत 1.50 से 1.75 लाख रुपए के बीच की है। वहीं, क्लासिक 350 की कीमत 1.93 से 2.25 लाख रुपए तक जाती हैं। न्यू जेनरेशन रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 की कीमतें 1.50 से 2.50 लाख रुपए के बीच की हो सकती है।



## मेट्रो के बोर्ड चुराता बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला चौराहा पर मेट्रो प्रोजेक्ट के कर्मचारियों ने एक चोर को रंगे हाथ दबोच



लिया। वह मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए लगाए गए सांकेतिक बोर्ड को उखाड़कर कर ले जाने का प्रयास कर रहा था। कर्मचारी उसे लेकर थाने पहुंचे और वहां शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार डीआईजी बंगला चौराहा पर मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। वहां से गुजरने वालों के लिए गो स्लो का सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे काम करते समय एक कर्मचारी की नजर पड़ी तो आरोपी बोर्ड उखाड़ते हुए नजर आया। उसने पाइप में लगा बोर्ड उखाड़ लिया था। कर्मचारियों ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया और थाने लेकर पहुंचे। वहां कर्मचारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी राजा वाल्मीकि को गिरफ्तार कर लिया है। राजा गुना का रहने वाला है और बैरागढ़ सीटीओ में रह रहा है।

## अस्पताल के पास फुटपाथ पर मिला युवक का शव



**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित एबीएस अस्पताल के सामने फुटपाथ पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त कर पुलिस ने परिजन से संपर्क कर लिया है। मंगलवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार एबीएम अस्पताल के पास से सोमवार दोपहर एक युवक का शव बरामद किया गया था। आसपास लोगों से पूछताछ की गई तो लोगों ने बताया कि मृतक का नाम सलीम है। पुलिस ने लोगों के बताए ठिकाने पर संपर्क किया तो परिजन मिल गए। परिजन ने मृतक की पहचान सलीम मोहम्मद पिता मोहम्मद अनवर (47) नूरमहल कोतवाली के रूप में कर ली। परिजन ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था और अक्सर फुटपाथ पर ही रहता था।

## शराब तस्करों से डेढ़ लाख रुपए की अवैध शराब जब्त



**भोपाल।** गोविंदपुरा पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ लाख रुपए की अवैध देशी शराब जब्त की है। पुलिस शराब तस्करों पर आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए शराब के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन युवक कस्तूरबा अस्पताल के पास शराब की खेप लेकर पहुंच रहे है। उन्हें शराब किसी को देनी है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। उनकी तलाशी लेने पर बोरियों में रखी 565 देशी क्वार्टर शराब की जब्त की। पूछताछ में आरोपियों की पहचान राहुल रोहित और शैलेंद्र के रूप में की गई।

### राजधानी में रोज हो रहीं ऐसे वारदातें

# ओवरब्रिज होते हुए ऑटो स्टैंड जा रहे रेल यात्री का मोबाइल रेड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गंजबासौदा से भोपाल आए ट्रेन यात्री का अज्ञात बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। वह मुख्य रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज होते हुए ऑटो स्टैंड की ओर जा रहे थे।

उसी दौरान ओवरब्रिज पर बदमाश ने मोबाइल झपटने की वारदात को अंजाम दे दिया।

जीआरपी भोपाल प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन में लग गई है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से विदिशा निवासी देव दुबे विगत 15 दिसंबर को गंजबासौदा से भोपाल आए और अपने घर मिनाल रेसीडेंसी पांच नंबर जाने के लिए ओवरब्रिज से होते हुए ऑटो करने जा रहे थे।

तभी पश्चिम रेलवे कॉलोनी भोपाल वाशिंग शेड के ऊपर ब्रिज पर करीब 20-25 साल का एक लडका आया और बोला कि जेब से मोबाइल निकाल ले। जैसे ही देव दुबे ने जेब से मोबाइल निकाला, वो लडका हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर फरार हो गया। फरियादी ने दौड़कर उसका पीछा भी किया लेकिन तब तक वह नौ दो ग्यारह हो चुका था।

झपटे गए आई फोन की कीमत 50 हजार रुपए बताई गई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अंधेरा होने के कारण वह उसका चेहरा नहीं देख सके। रेलवे पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### प्लेटफार्म पर सो रही युवती के कोट से मोबाइल चोरी

भोपाल प्लेट फार्म नंबर-1 पर सो रही युवती के कोट से अज्ञात बदमाश ने मोबाइल चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 17 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने बताया कि सीधी निवासी प्रियंका मिश्रा सोमवार को इंदौर भोपाल एक्स से इंदौर से भोपाल आई थी। प्लेटफार्म नंबर-1 पर नई बिल्डिंग की टिकट विंडो के पास गैलेरी में सो गई। जब नींद खुली तो देखा कि कोट की जेब में रखा मोबाइल नहीं था। आसपास मोबाइल की तलाश की, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। कोई अज्ञात चोर मोबाइल चुराकर फरार हो चुका था।

### युवक का बैग चोरी, मोबाइल और सर्टिफिकेट ले गया चोर

इधर हैदराबाद निवासी वी गिरिधर ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार को वह भोपाल-उज्जैन स्पेशल के जनरल कोच में भोपाल से उज्जैन की यात्रा करने के लिए भोपाल स्टेशन से ट्रेन मे चढ़ा था। ट्रेन चलने वाली थी तभी रेल्वे स्टाफ ने बताया कि यह बोगी ट्रेन से कटेगी और अगले डिब्बे में जाने के लिए कहा। वह जल्दबाजी मे अपना सामान लेकर ट्रेन के अगले डिब्बे मे बैठ गया। उसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने वी गिरिधर का ग्रे कलर का पिट्ठू बैग चुरा लिया। बैग में 35 हजार रुपए का मोबाइल उनकी बेटी वी अखिला के नाम के एनसीसी सर्टिफिकेट ओरिजनल और वटालियन कैडेट सर्टिफिकेट समेत कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

## मैनिट में नौकरी का प्रलोभन देकर ठगी, जालसाज गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

> **साढ़े सात लाख रुपए की ठगी करने के बाद तीन साल से था फरार**

कोलार पुलिस ने एक जालसाज को तीन साल बाद पंजाबी बाग अशोका गार्डन से गिरफ्तार किया है। जालसाज ने मैनिट में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर महिला से साढ़े सात लाख रुपए की ठगी की थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है उससे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर और भी लोगों ठगी का खुलासा होने की उम्मीद है।

पुलिस के अनुसार गौरव नगर कॉलोनी बैरागढ़ चीचली निवासी ऊषा देवी (75) ने एक मार्च 2022 को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि नरेन्द्र देशमुख नामक व्यक्ति ने उनकी बहू पूजा श्रीवास्तव की नौकरी मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी (मैनिट) में लायब्रेरियन के पद पर लगवाने का प्रलोभन देकर सात लाख 20 हजार रुपए लिए थे। नरेन्द्र देशमुख ने न तो नौकरी लगवाई और न ही पैसे लौटा रहा है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज जांच की। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 11 अप्रैल 2022 को चार हजार रुपए के इनाम की घोषणा भी की थी। जांच में पता चला कि आरोपी नरेन्द्र देशमुख ने नौकरी लगवाने के नाम पर और भी कई लोगों से धोखाधड़ी की है। लिहाजा पुलिस ने प्रकरण में धोखाधड़ी की धारा का इजाफा किया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने 15 दिसंबर को आरोपी नरेन्द्र देशमुख (54) निवासी सागर काम्प्लेक्स पंजाबी बाग थाना अशोका गार्डन को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस बैंड के प्रत्येक जवान को मिलेगा 10 हजार का पुरस्कार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हमारी पुलिस बैंड की परंपरा सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीयता, अनुशासन और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कदम-कदम बढ़ाए जा की धुन हो, या वैदिक काल के शंखनाद, संगीत ने हमेशा से हमारी संस्कृति और संघर्षों को दिशा दी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मप्र पुलिस बेंड कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से देखा जा रहा है कि पुलिस बैंड की इकाइयां धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही थीं। इसे पुनः जाग्रत करने के उद्देश्य से हमने निर्णय लिया कि हर जिले में एक पुलिस बैंड होना चाहिए। यह न केवल हमारे सशस्त्र बल की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि त्योहारों, राष्ट्रीय पर्वों और विशेष आयोजनों में देशभक्ति की भावना को भी जागृत करता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस बैंड के प्रत्येक जवान को 10 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा भी की है। उन्होंने यह भी कहा कि जनकल्याण पर्व के अंतर्गत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं इन सभी कलाकारों और उनके प्रशिक्षकों को हृदय से बधाई देता हूं।

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारि मिश्रा ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान किये गये कार्यों के अनुसार जनकल्याण पर्व की अद्भुत श्रृंखला में आज का यह कार्यक्रम बेहद अहम है।

विशेषकर संगठित अपराधों में कमी आई है, महिला संबंधी अपराधों में भी सुधार हुआ है, और संस्थागत स्तर पर अनेक बड़े बदलाव हुए हैं। सेनानी, 7वीं वाहिनी, भोपाल, हितेश चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, पुलिस बैंड के पुनर्गठन से देशभक्ति और अनुशासन की भावना को मजबूती मिली है। मध्य प्रदेश पुलिस जन सेवा और न्याय के लिए सदैव समर्पित है। कार्यक्रम के अंत में एडीजी राकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री को सैक्सोफोन वाद्ययंत्र स्मृति चिह्न के रूप में भेंट किया।

**मेट्रो एंकर**

### फिटजी कोचिंग के एमडी, सीईओ समेत चार पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के नाम पर करोड़ों की फीस लेकर फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर पुलिस ने जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली दिल्ली की फिटजी कोचिंग के एमडी, सीईओ, सीएफओ व भोपाल हैड पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

जालसाजी के आरोपी भोपाल ब्रांच के करीब 700 छात्रों की करोड़ों रुपए की फीस लेकर रफूचक्कर हो गए हैं। फिलहाल कोचिंग में ताला लगा हुआ है। तीन दिन पहले दर्जनभर छात्रों और उनके अभिभावक एमपी नगर थाने पहुंचे थे। छात्रों ने लिखित शिकायती आवेदन पुलिस दिया था।




आवेदन जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम दिल्ली भेजी जाएगी। पुलिस के अनुसार शनिवार 14 दिसंबर की सुबह करीब दो दर्जन से अधिक छात्र और उनके अभिभावक एमपी नगर थाने पहुंचे थे। शुक्रवार को भी करीब दस पीड़ित थाने आए थे। सभी ने शिकायती आवेदन दिया था।

आवेदन में फिटजी कोचिंग के संचालक पर फीस के नाम पर करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप लगाया गया था। कोचिंग का एमडी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के नाम पर प्रति छात्र डेढ़ लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक वसूलता था।

### करीब 700 छात्र पढ़ते हैं

बताया जा रहा है कि फिटजी कोचिंग की भोपाल शाखा में करीब 700 छात्रों ने एडमिशन लिया हुआ है। इसी साल जुलाई और अगस्त माह में सैकड़ों छात्रों से एक मुश्त फीस भी जमा करा ली गई थी, जबकि कुछ छात्रों से माहवार और किश्तों में पैमेंट लिया जाता है। कोचिंग बंद होने से छात्र और उनके परिजनों में रोष व्याप्त है।

### कलेक्टर तक पहुंचा मामला

इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जेईई की तैयारी कराने वाली फि टजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच 10 दिन से बंद हैं। कोचिंग के एक फैकल्टी का कहना है कि यहां टीचर्स का सैलरी को लेकर इश्यू था। वेतन नहीं मिलने से उन्होंने कोई दूसरा ग्रुप ज्वाइन कर लिया है। दूसरी ओर यह मामला भोपाल कलेक्टर तक भी पहुंच गया था।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022